दैनिक
करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली ।। सोमवार 01 अप्रैल -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 171 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

सुपर संडे : लोकसभा चुनाव से पहले दो महारैली

विपक्ष की रामलीला मैदान में रैली: राहुल, तेजस्वी से लेकर अखिलेश तक, सभी सरकार पर जमकर बरसे

नई दिल्ली। दिल्ली में महागठबंधन की लोकसभा चुनाव से पहले महा-गठबंधन की रैली का आयोजन हुअस जिसमें इंडिया गंठबंधन से शीर्ष नेताओं ने एक स्वर में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को अनावश्यक करार दिया और उसके लिए सरकार को घेरा। जिसमें मुख्यरूप से राहुल गांधी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, भगवंत मान, शरद पवार, उद्धव ठाकरे, फारूख अब्दुल्ला, महबुबा मुफ्ती समेत तमाम गठबंध के लोग शामिल हुए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव में मैच फिक्सिंग की जा रही है। हमारे बैंक अकाउंट बंद कर दिए गए हैं। चुनावी के बीच ऐसा किया जा रहा है। ऐसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कुछ करोबारी मिलकर कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन की 'महारैली' को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि आज कल क्छछ के मैच चल रहे हैं। आप सबने मैच फिक्सिंग शब्द सुना है। जब बेइमानी से एम्पायर पर दबाव डालकर, खिलाड़ियों को खरीदकर मैच जीता जाता है। हमारे सामने लोकसभा का चुनाव है। हमारी टीम में से मैच शुरू होने से पहले दो खिलाड़ियों को गिरफ्तार करके अंदर कर दिया गया। शेष पृष्ठ 2 पर

पीएम मोदी का मेरठ से चुनावी आगाज, बोले, 370 भी असंभव लगता था, अब लोग 370 सीट का दे रहे आशीर्वाद

मेरठ। राम राम...पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरूआत राम नाम के साथ की। उन्होंने कहा कि मेरठ वीरों की धरती है, इस धरती पर बाबा औघड़नाथ का आशीर्वाद है। इसने चौधरी चरण सिंह जैसा सपूत दिया। भारत सरकार को भारत रत्न देने का सौभाग्य मिला है। यहीं से 2014 में यहीं से शुरू की थी 2024 में भी यहीं से की है। यह सरकार बनाने या सांसद बनाने का चुनाव नहीं है।

'तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाएं'

पीएम मोदी ने कहा, यह चुनाव विकसित बनाने का है। तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाएगा। जब भारत दुनिया में 11वीं अर्थव्यवस्थाथा तब बहुत गरीबी थी। जब पांचवीं बना तब करोड़ों गरीबी से बाहर हुए। जब तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा तब गरीबी पूरी तरह दूर हो जाएगी। एक नई ऊर्जा देगा। चार जून 400 पार। मैंने लाल किले से कहा था, यही समय है सही समय है। आज भारत इंफ्रा में निवेश कर रहा है नए अवसर बन रहे हैं। आज भारत की साख नईं ऊंचाई पार है। दुनिया भरोसे से भारत को देख रही है। शेष पृष्ठ 2 पर

6 अप्रैल को गाजियाबाद में निकलेगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो

चल रहा है स्थान पर विचार नदिया के इस पार या उस पार

गाजियाबाद, करंट क्राइम। भाजपा लोकसभा चुनाव में शुरू से ही अपनी बढ़त बनाकर चल रही है। उसके लोकसभा उम्मीदवार दावा कर चुके हैं कि यहां भाजपा 8 लाख से भी अधिक वोटों से चुनाव जीतेगी। भाजपा ने चुनावी सेलेब्स को पूरी तरह रिवाइज कर लिया है। वो बूथ से लेकर गांव-देहात तक हर सब्जेक्ट की स्टडी कर चुकी है। अगर तैयारी के लिहाज से देखें तो भाजपा ने यहां पहले ओवर से ही बैटिंग शुरू कर दी है। उसने अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की है। योगी आदित्यनाथ ने प्रबुद्ध सम्मेलन में आकर चुनावी शंखनाद किया। 3 अप्रैल को जब गाजियाबाद के लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग नामांकन पत्र दाखिल करेंगे तो यहां उनके समर्थन में घंटाघर रामलीला मैदान में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एक जनसभा को संबोधित करेंगे। अब कहानी में बड़ा मोड़ आ गया है और यहीं से अतुल गर्ग का चुनाव स्पीड पकड़ लेगा। सूत्र बताते हैं कि भाजपा

के तरकश का सबसे बड़ा तीर गाजियाबाद लोकसभा में चलेगा। यहां पर देश के प्रधानमंत्री और भाजपा के सबसे बड़े स्टार प्रचारक चेहरे नरेंद्र मोदी आ रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि 6 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गाजियाबाद में रोड शो करेंगे। भाजपा लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो कहां होगा, इसका स्थान अभी तय होना बाकी है। यह कार्यक्रम साहिबाबाद विधानसभा में भी हो सकता है और नदिया के इस पार शहर विधानसभा में भी हो सकता है। एक पक्ष यह चाहता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो शहर विधानसभा में हो जबकि दूसरा पक्ष चाहता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो साहिबाबाद में होना चाहिए। यहां से एक बड़ा मैसेज देने की तैयारी है। साहिबाबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले चुनाव में भी आए थे और तब उन्होंने सिकंदरपुर एयरपोर्ट से चुनावी शंखनाद किया था और मैट्रो का उद्घाटन किया था। इसके बाद चुनावी अधिसूचना जारी हो गई थी। इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव से पहले साहिबाबाद विधानसभा में आए और रैपिड रेल का उद्घाटन किया। ऐसे में ये माना जा रहा है कि इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साहिबाबाद विधानसभा से ही संदेश दे सकते हैं। वो यहां रोड शो कर सकते हैं।

क्रेटा कार से करते थे पिस्टल और तमंचे की तस्करी

चुनावी सीजन में क्राइम ब्रांच ने दो को किया गिरफ्तार

35000 में .32 बोर की पिस्टल और 3000 में तमंचा बेचते थे आगे

गाजियाबाद, करंट क्राइम। चुनावी सीजन के दौरान दिल्ली-एनसीआर और वेस्टर्न यूपी में एक्टिव दो असलहा तस्करों को क्राइम ब्रांच स्वॉट गाजियाबाद की टीम ने गिरफ्तार करने का काम किया है। क्राइम ब्रांच की टीम ने अभियुक्त सौरभ चौधरी और केतन यादव उर्फ हैप्पी निवासी वर्तमान प्रताप विहार को क्रेटा कार के साथ दबोचा है। पुलिस ने उनके पास से .32 बोर का एक पिस्टल मैगजीन, 315 बोर के पांच तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस की माने तो यह हथियार खरीद कर आगे सप्लाई करने का काम करते थे। बीते दो सालों से दोनों कई लोगों को हथियार बेंचने का काम भी कर चुके हैं। पुलिस ने बताया है कि 35000 रुपए में पिस्टल और 3000 रुपये में तमंचा बेचा करते थे। क्राइम ब्रांच की टीम ने सफलता हासिल करते हुए दोनों आरोपियों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

दिन में लगता था एक आरोपी फास्ट फूड का स्टॉल और दूसरा करता था प्रॉपर्टी डीलिंग

करंट क्राइम। क्राइम ब्रांच स्वॉट के प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी ने जानकारी दी है कि सौरभ 12वीं पास है और विजयनगर में रहता है। वह इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी सेल परचेस की दुकान में काम करता था वहां पैसे ना मिलने पर उसने फास्ट फूड की स्टाल लगा ली थी और वह तस्करों के संपर्क में आकर हथियारों की तस्करी करता थाज उसका संपर्क कालू उर्फ योगेश फौजदार से हुआ था, जो पिस्टल और तमंचों की दिल्ली- एनसीआर में सप्लाई करता है। इसके साथ ही हैप्पी यादव भी प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था और उसके कई लड़कों से संपर्क हैं जो हथियारों की डिमांड करते थे। पुलिस ने इनसे आधा दर्जन हथियार बरामद किए हैं। साथ ही उनके संपर्क में रहने वाले कुछ और साथियों की पुलिस तलाश कर रही है।

कार में ही करते थे सौदा

करंट क्राइम। पुलिस ने जानकारी दी है कि दोनों इतने शातिर रहे हैं कि उनकी कहीं फुटेज और जानकारी लीक ना हो इसके लिए यह हथियारों का सौदा अपनी क्रेटा कार के भीतर ही बैठकर किया करते थे। पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी मसूरी थानाक्षेत्र से की है जहां यह आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हथियारों की सप्लाई करने के लिए जा रहे थे।

लोकसभा चुनाव : 1000 बॉडी वार्न कैमरा का होगा गाजियाबाद में इस्तेमाल

संवेदनशील बूथों पर पुलिस रहेगी बॉडी वार्न कैमरों से लैस

गाजियाबाद, करंट क्राइम । लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तैयारी कर रही है। अभी नामांकन की प्रक्रिया चल रही है, नामांकन की प्रक्रिया में भी पुलिस बॉडी वार्न कैमरे का इस्तेमाल कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए लगभग 1000 बॉडी वार्ड कैमरे का इस्तेमाल किया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस के वर्तमान में अधिकांश पुलिसकर्मियों को बॉडी वार्म कैमरे से लैस कर दिया गया है। तो प्रमुख थानों और वीवीआईपी मोमेंट ड्यूटी में रहने वाले पुलिसकर्मियों को भी बॉडी वार्म कैमरे से लैस कर दिया गया है। सूत्रों ने जानकारी दी है कि गाजियाबाद पुलिस ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 200 से अधिक बॉडी वार्न कैमरे की डिमांड की थी जो खरीद लिए गए हैं। बताया जा रहा है कि इनका इस्तेमाल आने वाले दिनों में आयोजित होने वाली बड़ी रैलियां, रोड शो और वीवीआईपी कार्यक्रम के लिए किया जाएगा।

ऑडियो और वीडियो की होगी तत्काल रिकॉर्डिंग

करंट क्राइम। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बॉडी वार्न कैमरे का इस्तेमाल इसलिए भी किया जा रहा है कि किसी भी घटना, वाद-विवाद एवं नोंकझोंक की स्थिति होने पर इनका इस्तेमाल हो सके। इसमें तत्काल ऑडियो और वीडियो की रिकॉर्डिंग हो जाती है। साथ ही कुछ प्रमुख केंद्रों के कैमरों को पुलिस लाइन या कंट्रोल रुम सें भी मॉनिटर किया जा सकेगा। वहीं चुनावी ड्यूटी में प्रमुख जगहों पर रहने वाले पुलिसकर्मियों को अपनी वर्दी पर बॉडी वार्न कैमरा लगाना अनिवार्य रहेगा। यह किसी भी गतिविधि पर नजर रखने के लिए उपयुक्त होगा।

डेटा के रूप में पुलिस करेगी इस्तेमाल

करंट क्राइम। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पुलिस जो बॉडी वार्न कैमरा इस्तेमाल करेगी इससे वह घटना के विषय में सही और सटीक जानकारी से लेकर पुलिस कार्रवाई तक के लिए पूरा डाटा हासिल कर सकेगी। इसीलिए चुनाव में इस बार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम लगभग 1000 बॉडी वार्न कैमरा का इस्तेमाल करने वाली है।

गाजियाबाद लोकसभा में 439 क्रिटिकल मतदेय स्थल

करंट क्राइम। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए कई तरह की व्यवस्थाओं को लागू किया गया है। इस दौरान लोनी के अंतर्गत कुल 95 क्रिटिकल मतदेय स्थल हैं। तो वहीं 71 मुरादनगर, साहिबाबाद में सर्वाधिक 109, गाजियाबाद में 72 मोदीनगर में 92 कुल मिलाकर गाजियाबाद लोकसभा में 439 क्रिटिकल मतदेय स्थल हैं जबकि बर्नलेवल मतदेय स्थल 71 रहेंगे।

गठबंधन वालों की तमन्ना चुनाव प्रचार के लिए आ जाएं अखिलेश-राहुल एक साथ

कोशिशें जारी हैं, फिलहाल नहीं बन पा रही है बात

गाजियाबाद, करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से हाथ मिलाकर साथ आ गए हैं। गाजियाबाद की बात करें तो यहां गठबंधन समझौते में ये सीट कांग्रेस के पास आई है और यहां से कांग्रेस ने डॉली शर्मा को उम्मीदवार घोषित किया है। डॉली शर्मा पहले भी मेयर और लोकसभा का चुनाव लड़ चुकी हैं। अब यहां पर डॉली शर्मा के लिए कांग्रेस और सपा के बड़े चेहरों को माहौल बनाना है। उन्हें चुनाव प्रचार के लिए आना है। सूत्र बताते हैं कि गठबंधन वाले दलों के नेताओं का यह पूरा प्रयास है कि कांग्रेस के राहुल गांधी और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव यहां एक साथ गठबंधन उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए आ जाएं। वो इसके लिए प्रयास कर रहे हैं और इस संबंध में जब करंट क्राइम ने कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बिजेंद्र यादव से बात की तो उन्होंने कहा कि उनके पास इस संबंध में कोई भी आधिकारिक जानकारी नहीं है। फिलहाल संगठन अपने स्तर पर प्रचार में जुटा है। वहीं करंट क्राइम ने जब सपा के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन से बात की तो उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास यहां पर महारैली का है। इस रैली में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी एक साथ आएंगे तो इसका माइलेज हमें चुनाव में मिलेगा।

डॉली शर्मा ने दी है स्थानीय नेताओं को तवज्जो

करंट क्राइम। कांग्रेस-सपा गठबंधन उम्मीदवार डॉली शर्मा आज अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। वह कांग्रेस के महानगर कार्यालय से नामांकन पत्र भरने के लिए रवाना होंगी। डॉली शर्मा पूरी ऊर्जा के साथ, विपक्षी तेवरों के साथ चुनावी रण में नजर आ रही हैं। बड़ी बात यह है कि उन्होंने अपने चुनावी प्रचार की शुरुआत में ही स्थानीय नेताओं को तवज्जो दी है। यदि यहां पर उन्हें बड़े नेताओं का सान्निध्य प्राप्त होता है तो यहां उनको इसका चुनावी माइलेज मिलेगा। भाजपा पहले ही यहां अपने तीन बड़े चेहरों के साथ प्रचार में बढ़त बना रही है। ऐसे में सपा और कांग्रेस के बड़े नेताओं के आने से उम्मीदवार की चुनावी उम्मीदों को परवान मिलेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मेरठ से चुनावी आगाज

बोले, 370 भी असंभव लगता था, अब लोग 370 सीट का आशीर्वाद दे रहे...

मेरठ, करंट क्राइम। राम राम...पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत राम नाम के साथ की। उन्होंने कहा कि मेरठ वीरों की धरती है, इस धरती पर बाबा औघड़नाथ का आशीर्वाद है। इसने चौधरी चरण सिंह जैसा सपूत दिया। भारत सरकार को भारत रत्न देने का सौभाग्य मिला है। यहीं से 2014 में शुरुआत की थी 2024 में भी यहीं से की है। यह सरकार बनाने या सांसद बनाने का चुनाव नहीं है।

मोदी को आने वाली पीढ़ियों की चिंता

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार तीसरे कार्यकाल की तैयारी कर रही है। सौ दिनों में बड़े फैसले लेने हैं उसका रोडमैप बन रहा है। अभी तो विकास का ट्रेलर ही देखा है। अभी बहुत आगे ले जाना है। मोदी को आने वाली पीढ़ियों की चिंता है। दस साल का रिपोर्ट कार्ड सामने है। जो असंभव था वह हो रह है राम लला का मंदिर बन रहा है। ब्रज में कान्हा और राधा तो होली खेली ही अवध में राम लला ने भी होली खेली। तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाया बल्कि यह हजारों महिलाओं की जिंदगी बचा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि नारी शक्तिवंदन अधिनियम सच्चाई बन चुका है। 370 भी असंभव लगता था। यह हटा और वहां तेज विकास भी हो रहा है। अब लोग 370 सीट का आशीर्वाद दे रहे हैं। पीएम ने कहा, मोदी गरीबी को भली भांति समझता है। इलाज के लिए मुफ्त इलाजनेकी आयुष्मान योजना बनाई। 80 करोड़ लोगों को राशन दे रही है। जिसको किसी ने नहीं पूछा, उसे हमने पूजा है।

तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाएंगे

पीएम मोदी ने कहा, यह चुनाव विकसित बनाने का है। तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाएगा। जब भारत दुनिया में 11वीं अर्थव्यवस्थाथा तब बहुत गरीबी थी। जब पांचवीं बना तब करोड़ों गरीबी से बाहर हुए। जब तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा तब गरीबी पूरी तरह दूर हो जाएगी। एक नई ऊर्जा देगा। चार जून 400 पार। मैंने लाल किले से कहा था, यही समय है सही समय है। आज भारत इंफ्रा में निवेश कर रहा है नए अवसर बन रहे हैं। आज भारत की साख नई ऊंचाई पार है। दुनिया भरोसे से भारत को देख रही है।

चुनाव की घोषणा के बाद चुनावी अभियान की शुरुआत

प्रधानमंत्री रविवार दोपहर 3.15 बजे रैली स्थल केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान पहुंचेंगे। पीडीए के जवाब में भाजपा का जातीय गठजोड़ सामने दिखा। प्रधानमंत्री की रैली में अनुसूचित, अति पिछड़े, पिछड़े व सवर्ण समेत सभी जातियों का समन्वय दिखा। प्रधानमंत्री की रैली में मेरठ-हापुड़ समेत पांच लोकसभा क्षेत्रों मुजफ्फरनगर, कैराना, बिजनौर, बागपत की संयुक्त रैली है, इसलिए सभी क्षेत्रों की हिस्सेदारी थी।

अरुण गोविल ने चौधरी चरण सिंह की बात की

अरुण गोविल ने कहा कि चौधरी चरण सिंह जमीन से जुड़े थे। यह आगाज है चार सौ का आंकड़ा पार करेगा। मोदी के आगे शब्द कम पड़ जाते हैं। रामायण का एक प्रसंग सुनाते हैं कि जीवन क्षणिक होता है लेकिन उन्हीं में इतिहास बन जाता है। ऐसे ही मोदी हैं जो इतिहास बना रहे हैं। गोविल बोले हमेशा अयोध्या जाते थे तब दुख होता था लेकिन अब खुशी मिली है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने कि आज कमल का फूल लेकर बीच में आए हैं। सौभाग्य है कि पश्चिम उप्र आने का अवसर मिला। नरेंद्र मोदी ने 10 साल में देश को मजबूत बनाया। इन दस साल में गरीब, महिला, युवा और किसान की चिंता की गई है। हरियाणा की तरफ से एक बात कहते हैं कि वहां की सभी दस सीट जिताकर देंगे।

फैमिली फर्स्ट बनाम नेशन फर्स्ट है ये चुनाव

सीएम योगी ने मंच से बाबा औघड़नाथ की पावन भूमि को नमन किया। धन सिंह कोतवाल की शहादत धरा को नमन। मोदी ने देश की तकदीर और तदवीर बदल दी है। चौधरी साहब को भारत रत्न देकर किसानों का सम्मान किया है। किसान इसका आभार व्यक्त कर रहे हैं। मोदी के रूप में करिश्माई व्यक्तित्व प्राप्त किया है। यहां की कनेक्टिविटी बेहतर हुई है इसे नया आयाम दिया है मोदी ने। गन्ना किसानों को भुगतान मिला। चीनी मिलों की क्षमता बढ़ाई है। इस क्षेत्र में दस साल में परिवर्तन हुआ है। इस क्षेत्र ने दंगा देखा है कर्फ्यू देखा है। बेटी और व्यापारी पर प्रहार देखा है। मोदी के नेतृत्व में देश भारत को विकसित करने की तरफ बढ़ रहा है। यह चुनाव उन्हें सही जगह दिखाने का है जो सामाजिक ताने बाने को ध्वस्त कर रहे थे। यह चुनाव फैमिली फर्स्ट बनाम नेशन फर्स्ट है। यह देश मोदी की गारंटी पर विश्वास करता है। मोदी जो कहते हैं वह करते हैं। वह सपने नहीं बुनते वह हकीकत बुनते हैं तभी लोग बार बार मोदी को चुनते हैं।

गठबंधन के लिए शुभ ये धरती : अनुप्रिया

अनुप्रिया पटेल ने कहा कि यह धरती गठबंधन के लिए शुभ है। एनडीए सरकार 10 साल का रिपोर्ट कार्ड लेकर जनता के बीच आई है। दुनिया में भारत के नेतृत्व का डंका बज रहा है। चार जून को जब वोटों की गिनती शुरू होगी, तब तीसरी बार मोदी के हाथों तीसरी बार बागडोर होगी। यह आत्मविश्वास है क्योंकि जनता ने ही यह विश्वास दिया है। तमाम देश भारत की तरह आगे बढ़ना चाहते हैं। भारत पांचवीं अर्थव्यवस्था बन चुका है। इस कार्यकाल में तीसरी ताकत बन जाएगा।

जयन्त चौधरी बोले, भारत रत्न किसानों का

जयन्त चौधरी ने कहा कि कल समारोह में उन्होंने भारत रत्न सम्मान ग्रहण किया। वह कमाई किसानों की है। युवकों की है। वंचितों की है। उस नौजवान की है जो सेना में सेवा कर रहा है। कोई तो कारण होगा कि भारत रत्न समारोह के बाद पहला कार्यक्रम मेरठ में रखा। कल सूक्ष्म भेंट हुई मोदी जी से, मोदी के मन में किसानों के प्रति चिंता है। मोदी न होते तो यह सम्मान मिलने वाला नहीं था। चौधरी चरण की कर्म पीठ थी गुजरात। मोदी के प्रति गहरा विश्वास है। यह हीरो वर्शिप है। चौधरी चरण सिंह कई विषयों के प्रति गंभीर थे। कमल का फूल दूर से दिखाई दे जाता है। हमीरपुर जिले में मी कार्यक्रम था उन्होंने सुना कि पद से हटा दिया तब उन्होंने गाड़ी छोड़ दी थी ऐसे ईमानदार थे चरण सिंह। आज केंद्र सरकार कोई योजना बनाती है तो सीधा पैसा जाता है यही चरण सिंह की ईमानदारी का प्रमाण है। 2014 में यहीं से मोदी ने रैली शुरू की थी। जहां मेरठ तय करेगा वह होता है।

समझौते के बावजूद उग्रवादी संगठन यूएनएलएफ (पी) ने नहीं किया सरेंडर

नई दिल्ली। प्रतिबंधित आतंकवादी समूह यूएनएलएफ (पी) चार महीने पहले केंद्र के साथ युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर करने के बावजूद हथियार सौंपने या अपने सदस्यों की सूची देने में विफल रहा है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। साथ ही दावा किया गया कि मणिपुर हिंसा में यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट का हाथ हो सकता है।

सुरक्षा एजेंसियों ने जताई चिंता : राज्य अधिकारियों के साथ तीन दौर की बातचीत के बाद भी यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (जो युद्धविराम पर सहमत होने वाला पहला मैतेई आतंकवादी संगठन है) ने पिछले 29 नवंबर को समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद से सहमत शर्तों का पालन नहीं किया है। संघर्ष विराम के बावजूद यूएनएलएफ (पी) के सदस्यों के कारण मणिपुर में जारी हिंसा पर सुरक्षा एजेंसियों ने चिंता जताई है। अधिकारियों ने कहा कि संघर्ष विराम समझौते के बावजूद, हाल की घटनाओं से पता चलता है कि यूएनएलएफ (पी) के सदस्य बेखौफ होकर हिंसक गतिविधियां कर रहे हैं, यहां तक कि सुरक्षा बलों से हथियार भी लूट रहे हैं।

जगन्नाथ मंदिर से हिरासत में लिया गया ब्रिटिश नागरिक

पुलिस टीम पर हमला करने का आरोप

भुवनेश्वर। ओडिशा पुलिस ने एक ब्रिटिश नागरिक को हिरासत में लिया है। उस पर आरोप है कि पहले उसने जगन्नाथ मंदिर में अनाधिकृत तरीके से प्रवेश किया। जब पुलिसकर्मियों ने उसे रोकने की कोशिश की तो उसने पुलिस की टीम पर ही हमला कर दिया। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने उसे हिरासत में ले लिया। रविवार को एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

मंदिर में कैसे घुसा थॉमस? : पुलिस ने बताया कि विदेशी पर्यटक की पहचान थॉमस क्रेग शेल्डन के रूप में की गई है। थॉमस दक्षिण लंदन के वंड्सवर्थ का रहने वाला है। आपको बता दें कि 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर में गैर हिंदुओं का प्रवेश वर्जित हैं। इसके बाद भी थॉमस ने मंदिर में प्रवेश किया। जब पुलिस कर्मियों ने उसे रोका और मंदिर परिसर छोड़ने के लिए कहा तो थॉमस ने कथित तौर पर पुलिस पर हमला कर दिया। पुरी के डीएसपी सिटी प्रशांत कुमार साहू ने कहा कि हमने विदेशी पर्यटक को हिरासत में ले लिया है और आगे की जांच जारी है।

गोवा चुनाव प्रचार में प्रयोग हुए थे रिश्वत से मिले 45 करोड़

सीबीआई-आईटी ने भी की जांच में पुष्टि

आम आदमी पार्टी कर रही आरोपों से इनकार

नई दिल्ली। दिल्ली शराब नीति घोटाले को लेकर ईडी ने बड़ा खुलासा किया है। ईडी ने कहा है कि इस घोटाले से मिले 45 करोड़ रुपयों का इस्तेमाल आम आदमी पार्टी द्वारा 2022 में हुए गोवा चुनाव में अपने प्रचार अभियान के लिए प्रयोग किए थे। अदालत में दाखिल दस्तावेजों में यह भी दावा किया गया है कि इस बात की पुष्टि सीबीआई और आयकर विभाग ने भी अपनी अलग-अलग जांच में की है।

इन दस्तावेजों में ईडी ने अदालत को बताया है कि मामले में जांच के क्रम में प्रवर्तन निदेशालय हवाला ऑपरेटरों और 'अंगड़ियाओं' के नेटवर्क की भी जांच कर रहा है। ईडी ने 45 करोड़ रुपयों की मनी ट्रेल के किए पांच 'अंगड़िया' फर्म संचालकों के बयान भी दर्ज किए हैं। 45 करोड़ रुपयों को लेकर ईडी ने दावा किया है कि ये रुपये राजनेताओं और शराब व्यवसायियों द्वारा आम आदमी पार्टी को दी गई कुल 100 करोड़ रुपये की रिश्वत राशि का हिस्सा है। ईडी का कहना है कि आम आदमी पार्टी ने गोवा चुनाव प्रचार के लिए इन्ही रुपयों में से 45 करोड़ रुपये खर्च किए थे।

गौरतलब है कि ईडी ने ये दावा तब किया है, जब हाल ही में इस मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की गई है। साथ ही कहा गया था कि मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर उनके और उनकी पार्टी पर मुकदमे की कार्रवाई हो सकती है। शराब घोटाले में ईडी दिल्ली सीएम से पहले 16 लोगों की गिरफ्तारी कर चुकी है।

विपक्ष की रामलीला मैदान में 'लोकतंत्र बचाओ' महारैली

राहुल गांधी, तेजस्वी यादव से लेकर अखिलेश यादव तक, सभी सरकार पर जमकर बरसे

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्ष के कई बड़े नेताओं की मौजूदगी नजर आई है। इस दौरान बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती, महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और एनसीपी के संस्थापक शरद पवार सहित कई नेताओं ने जनता को संबोधित किया।

नई दिल्ली, करंट क्राइम। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव में मैच फिक्सिंग की जा रही है। हमारे बैंक अकाउंट बंद कर दिए गए हैं। चुनावी के बीच ऐसा किया जा रहा है। ऐसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कुछ करोबारी मिलकर कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन की 'महारैली' को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि आज कल मैच चल रहे हैं। आप सबने मैच फिक्सिंग शब्द सुना है...जब बेइमानी से एम्पायर पर दबाव डालकर, खिलाड़ियों को खरीदकर मैच जीता जाता है... हमारे सामने लोकसभा का चुनाव है... हमारी टीम में से मैच शुरू होने से पहले दो खिलाड़ियों को गिरफ्तार करके अंदर कर दिया गया... पीएम मोदी इस चुनाव में मैच फिक्सिंग करने की कोशिश कर रहे हैं। ये जो उनका 400 पार का नारा है वो बिना मैच फिक्सिंग के 80 पार नहीं हो सकता है... कांग्रेस पार्टी विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी है। हमारे सभी बैंक अकाउंट बंद कर दिए गए हैं। चुनाव के बीच में देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के बैंक अकाउंट बंद कर दिए... हमारे सारे संसाधनों को बंद कर दिया गया।

ये कैसा चुनाव हो रहा है?... नेताओं को जेल में डाला जाता है... ये मैच फिक्सिंग करने की कोशिश की जा रही है... ये मैच फिक्सिंग पीएम मोदी और हिंदुस्तान के 3-4 सबसे बड़े अरबपति मिलकर कर रहे हैं...

उन्होंने कहा कि इसका (मैचफिक्सिंग) सिर्फ एक लक्ष्य है। हिंदुस्तान के संविधान को हिंदुस्तान की गरीब जनता के हाथ से छीनने के लिए ये मैचफिक्सिंग की जा रही है... जिस दिन ये संविधान खत्म हो गया, उस दिन ये हिंदुस्तान नहीं बचेगा... ये जो संविधान है हिंदुस्तान की जनता की आवाज है... यही इनका (भाजपा) लक्ष्य है... ये सोचते हैं कि धमकाकर और डराकर पुलिस, उइक, एऊ, क्ळ के साथ देश चलाया जा सकता है... आप हिंदुस्तान की आवाज को नहीं दबा सकते हो।

तेजस्वी यादव हुए केंद्र पर हमलावर

इस दौरान तेजस्वी यादव ने केंद्र पर जमकर निशाना साधा और कहा, 'दिल्ली की भीड़ बता रही है मोदी जी जिस आंधी से आए थे इसी तूफान की तरह चले जाएंगे.देश में जहां भी हम जा रहे हैं वहां जनता का आशीर्वाद मिल रहा है. देश के लोकतंत्र, संविधान के लिए हम लोग एकत्र हुए हैं। देश में भाई से भाई को लगाया जा रहा है नफरत की राजनीति की जा रही है...अबकी बार 400 नारा लगाने वालों का मुंह है कुछ भी बोलेंगे। जनता मालिक है और आपको तय करना है देश के शासन में कौन काम करेगा। वह लोग नारा लगा रहे हैं और टारगेट फिक्स कर रहे हैं। लगता है पहले से ही ईवीएम का सेटिंग हो चुका है.'

तेजस्वी ने कहा, 'देश में अघोषित आपातकाल लागू है। तानाशाह रवैया अपनाने का काम कर रहे हैं घमंडी हो गए हैं। विपक्ष का कर्म है कि हम उनसे सवाल ना करें। महंगाई देश की सबसे बड़ी दुश्मन है बेरोजगारी देश की सबसे बड़ीदुश्मन है। मोदीजी ने कोई नौकरी नहीं दी। हमारे गठबंधन की सरकार ने बिहार में 17 महीने में 5 लाख नौकरियां दीं।

कश्मीर को बनाया प्रयोगशाला : हबूबा

महबूबा मुफ्ती ने कहा, 'आप जिन लोगों को वोट डालते हैं, विधायक बनाते हैं, सांसद बनाते हैं, मुख्यमंत्री बनाते हैं उन लोगों पर करप्शन के चार्ज लगाकर जेल में डाला जाता है। हमारे लिए कोई नई बात नहीं है हमने जम्मू कश्मीर में 5 साल से यही देखा। जम्मू कश्मीर के तीनों मुख्यमंत्री को बंद कर दिया था और देश को बताया गया कि हम देशहित में कर रहे हैं।

उद्धव की चुनौती

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा, '...आप (कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल) चिंता मत करो, सिर्फ हम ही नहीं पूरा देश आपके साथ है... ?

दीपांकर भट्टाचार्य बरसे

सीपीएमएल नेता दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा, 'इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए देश भर में पैसा इकट्ठा किया गया और उसके दम पर सरकार गिराया जा रहे हैं और तोड़ा जा रहा है। जिनको झुका नहीं सकते उन्हें जेल भेजा जा रहा है।

हम दिल्ली आए तो दिल्ली वाले बाहर चले गए...

अखिलेश यादव ने अपने संबोधन में कहा, रामलीला मैदान ऐतिहासिक मैदान है जहां हम सब एक साथ खड़े हैं। इस मैदान से ऐलान होने जा रहा है कि हुक्मराम जो दिल्ली में बैठे हैं वो ज्यादा दिन रहने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हम दिल्ली आए तो दिल्ली वाले बाहर चले गए।

अखिलेश यादव ने 400 पार के नारे पर तंज किया और कहा कि आपके 400 पार हो रहे थे तो आपको आम आदमी पार्टी के नेता से किस बात की घबराहट है। वे 400 पार का नारा लगा रहे हैं लेकिन वे 400 हारने वाले हैं। अरविंद केजरीवाल को जेल भेज दिया। हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया है। उत्तर प्रदेश के लोग स्वागत करते हैं तो समय आने पर धूमधाम से विदाई भी करते हैं। देश ही नहीं दुनिया के लोग बीजेपी पर थू-थू कर रहे हैं।

लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश : कल्पना सोरेन

इंडिया ब्लॉक की 'महारैली' में झारखंड मुक्ति मोर्चा(जेएमएम) नेता और पूर्व उट हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा, ...आज यहां उमड़ा जल सैलाब इस बात की गवाही दे रहा है कि लोकतंत्र को खत्म करने के लिए जिस तरीके तानाशाह ताकतों ने अपने कदम बढ़ाएं हैं।

लोकतंत्र बचाना हमारी जिम्मेदारी : शरद पवार

इंडिया गठबंधन महारैली में शरद पवार ने कहा कि इस सरकार (केंद्र सरकार) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और झारखंड के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया है और विभिन्न राज्यों के कई अन्य नेताओं को भी जेल में डाल दिया है। यह कार्रवाई लोकतंत्र और संविधान पर हमला है।

बीजेपी भारत के टुकड़े करना चाहती है : मान

रैली को संबोधन करते हुए भगवंत मान ने कहा, ये आजादी हमें भगत सिंह, चन्द्रशेखर आजाद ने दी। इस आजादी के लिए उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दे दी। ये आजादी किसी की बाप की जागीर नहीं है। भगवंत मान ने कहा, मालिक देश की 140 करोड़ जनता हैं। सुनीता केजरीवाल, कल्पना जी यहां हैं, सोनिया गांधी यहां हैं। उन्होंने अपने जीवन में सब कुछ देखा है। बीजेपी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि दिहाड़ी दे कर मोदी-मोदी कराते हैं। जैसा कि राहुल गांधी जी कह रहे हैं कि बीजेपी भारत के टुकड़े-टुकड़े करना चाहती है।

दैनिक
करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
03 • नई दिल्ली ।। सोमवार 01 अप्रैल -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

कमिश्नरेट में चुनाव से जुड़ी ये बड़ी टेंशन

कई पुलिस अधिकारी पहली बार फेस करेंगे इलेक्शन

कानून व्यवस्था और शांतिपूर्वक मतदान कराने के लिए करनी होगी पुख्ता प्लानिंग

गाजियाबाद, करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में पहली बार लोकसभा का चुनाव हो रहा है। पहली बार इस व्यवस्था में चुनाव होने को लेकर कई तरह की प्लानिंग व तैयारियां चल रही हैं। तो वहीं आंकड़े यह भी बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अलग-अलग पोस्ट पर तैनात कई अधिकारी ऐसे हैं जो पहली बार लोकसभा चुनाव में अपनी ड्यूटी को अंजाम देंगे। इसमें आईपीएस अधिकारियों से लेकर पीपीएस और थाना प्रभारियों से लेकर चौकी प्रभारी तक शामिल हैं। इसी के साथ गाजियाबाद में लगभग 721 नए टू- स्टार भी पहली बार लोकसभा चुनाव की ड्यूटी को अंजाम देंगे। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में आधा दर्जन से अधिक ऐसे अधिकारी हैं जो पहली बार लोकसभा वाला चुनाव बतौर अधिकारी के रूप में कार्यभार संभालते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं बड़ी संख्या में वरिष्ठ और अनुभवी अधिकारी भी हैं जो यहां चुनावी टैंशन और मैनेजमेंट को संभालने का काम करेंगे।

आईपीएस से लेकर पीपीएस तक हैं फर्स्ट टाइमर अफसर



करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कमिश्नरेट के सबसे शीर्ष अधिकारी पहली बार चुनावी बेला में किसी जनपद की कमान संभालते हुए लोकसभा चुनाव की ड्यूटी का निर्वाहन कर रहे हैं। तो वही आईपीएस अधिकारी निमिष दशरथ पाटिल, आईपीएस विवेक चंद यादव, आईपीएस सुमित रामटेक के साथ ही एसीपी सिटी प्रियाश्री पाल, एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन, एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव, वही सिटी के थाना प्रभारियों में मधुबन बापूधाम थानेदार, विजय नगर प्रभारी, नदियापार में थानाध्यक्ष कौशांबी, लिंक रोड, शालीमार गार्डन, देहात में वेव सिटी, लोनी बार्डर, भोजपुर, ट्रोनिका थाने ऐसे हैं जहां पर मौजूदा प्रभारी पहली बार लोकसभा चुनाव में अपनी ड्यूटी का निर्वाहन करने वाले हैं।

सीएम को भी है कमिश्नरेट व्यवस्था से उम्मीद

करंट क्राइम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बीते दिनों गाजियाबाद में आयोजित कार्यक्रम प्रबुद्ध सम्मेलन में भाग लेने आए थे। उन्होंने मंच से कहा था कि गाजियाबाद में पुलिसिंग की व्यवस्था मजबूत हुई है। कमिश्नरेट सिस्टम व्यवस्था लागू होने से लोगों का कानून व्यवस्था में विश्वास बढ़ा है। ऐसे में गाजियाबाद में हो रहा लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक और सुव्यवस्थित ढंग से कराना गाजियाबाद में तैनात पुलिस के अधिकारियों के लिए बड़ी जिम्मेदारी और चुनौती भी बन जाता है।

अनुभवियों की भी नहीं है कमी

करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कई अधिकारी ऐसे हैं जिन्हें लोकसभा चुनाव कराने का लंबा अनुभव है । उनकी लंबी सेवाएं हो चुकी हैं, इसमें एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना, दिनेश कुमार पी, आईपीएस शुभम पटेल, एडीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र सिंह, एडीसीपी प्रोटोकॉल आनंद कुमार, एसीपी मसूरी नरेश कुमार, एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय, एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह, एसीपी नंदग्राम रवि सिंह के साथ ही एसीपी विवेक सिंह, एसीपी श्वेता यादव, एसीपी रविंद्र वर्मा सहित सिटी और देहात में नदियापार में कई थाना प्रभारी भी ऐसे हैं जिनकी नौकरी को 15 साल से अधिक का समय हो चुका है। उनकी देखरेख में कई प्रमुख व लोकसभा चुनाव भी आयोजित करवाएं गए हैं।

अतुल गर्ग के साथ संजीव शर्मा लगा रहे हैं चुनावी प्रचार में पूरा जोर

अंदाज बता रहे हैं वो बनेंगे विधानसभा दावेदारी का भारी भरकम फेस

गाजियाबाद, करंट क्राइम। संजीव शर्मा भाजपा के महानगर अध्यक्ष हैं और ऐसे अध्यक्ष हैं जिनके नाम कई खिताब हैं। लगातार वो रिपीट हुए हैं और पूरे वेस्ट यूपी में केवल दूसरे फेस हैं जिन्हें पार्टी ने लगातार दूसरा मौका दिया है। चुनाव लड़ रहे लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग ही उन्हें कई महीनों पहले उनके बर्थडे पर उन्हें सबसे लोकप्रिय अध्यक्ष का खिताब दे चुके हैं। संजीव शर्मा मेहनती और सफल अध्यक्ष हैं। ये बात खुद उनकी उपलब्धियां बोलती हैं। पीएम से लेकर सीएम के सफल कार्यक्रम करा चुके हैं। बड़ी जनसभाएं करा चुके हैं। अतुल गर्ग के साथ संजीव शर्मा की ट्यूनिंग पहले से ही बहुत बढ़िया बताई जाती है। टिकट घोषणा के बाद तो इस ट्यूनिंग में और निखार आ गया है। संजीव शर्मा कदम से कदम मिलाकर अतुल गर्ग के साथ इस चुनावी रेस में दौड़ रहे हैं। जब अतुल गर्ग का टिकट घोषित हुआ तो संजीव शर्मा कविनगर में अतुल गर्ग के घर पर ही थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने गए तो अतुल गर्ग और संजीव शर्मा साथ गए। टिकट के बाद स्वागत के कई फूलों में दोनों एक साथ नजर आ रहे हैं। फोटो फ्रेम में यह प्रेम दिखाई दे रहा है। धौलाना में साथ हैं और लोनी में साथ हैं। कुल मिलाकर सारे स्वागतों में साथ हैं। सूत्र बताते हैं कि संजीव शर्मा की ये रेस उन्हें शहर विधानसभा के उपचुनाव में सबसे भारी फेस बना देगी। वो कनेक्टिविटी और एक्टिविटी दोनों में गजब का संतुलन साध कर चल रहे हैं। ब्राह्मण फैक्टर में संजीव शर्मा को सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इसकी वजह भी यह है कि अतुल गर्ग के टिकट के बाद विधायक टोला पूरी तरह मजबूत होकर सामने आया है। टिकट की बेला आएगी तो यहां सांसद और विधायक की राय ली जाएगी। मेहनत करने वाले संजीव शर्मा के नाम पर विधायकों से लेकर सांसद तक किसी की राय उनके विपरीत नहीं जाएगी। ऐसे में संजीव की यह भागदौड़ काम आएगी।

संगठन था पहले से तैयार और अब प्रचार होगा धुआंधार

करंट क्राइम। संगठन की बात करें तो यहां महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने अपनी टीम के साथ पहले से ही सधी हुई थीम पर काम किया। गांव-देहात से लेकर शक्ति वंदन अभियान तक एक माहौल बनाया। बूथ पर काम किया और संगठन पहले से तैयार था लेकिन अतुल गर्ग का टिकट हो जाने के बाद अब संजीव शर्मा पूरी तरह से हाई जोश वाले अंदाज में हैं। इसका पता इसी से चल रहा है कि टिकट घोषणा होते ही संजीव शर्मा का मूवमेंट बढ़ गया है। वो उम्मीदवार अतुल गर्ग का 20 मंडलों में स्वागत परिचय संपन्न करा चुके हैं। धुआंधार प्रचार की तैयारी है।

रीना भाटी के गनर वापस लिए जाने पर लोनी विधायक नाराज

एक बड़े पुलिस अधिकारी पर लगाए भाजपा कार्यकर्ताओं के उत्पीड़न के आरोप

गाजियाबाद, करंट क्राइम। क्रांतिकारी विधानसभा के क्रांतिकारी विधायक ने लंबे समय के बाद शांति तोड़ी है। वो एक पुलिस अधिकारी से नाराज हैं। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि खोड़ा नगरपालिका की पूर्व चेयरपर्सन रीना भाटी को कोर्ट के आदेश पर गनर मिला था। लेकिन उस गनर को भी बड़े पुलिस अधिकारी के निर्देश पर वापिस करा लिया गया है, जिससे रीना भाटी की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो गया है। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि इसी तरह मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी के गनर को हटाया

गया तो उन्होंने नाराज होकर अपने दूसरे गनर भी वापिस कर दिए। जबकि सबको पता है कि उनकी भी सुरक्षा को खतरा है। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बड़े पुलिस अधिकारी को निशाने पर लेते हुए आरोप लगाए कि भाजपा के हजारों कार्यकर्ताओं को मुचलके में पाबंद किया जा रहा है और जिन पर दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं उन्हें पुलिस ने सुरक्षा दी है। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि यदि किसी भी कार्यकर्ता के साथ कोई अनहोनी होती है तो इसके लिए पुलिस अधिकारी जिम्मेदार होंगे। विधायक नंदकिशोर ने कहा कि वह इस पूरे मामले पर मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे और अपनी बात रखेंगे।

दिन भर चलती रही एक बड़े विपक्षी दल के उम्मीदवार बदलने की चर्चा

भगवा ठाकुर चेहरे भी भर सकते हैं इस दल के उम्मीदवार के रूप में पर्चा

गाजियाबाद, करंट क्राइम। चुनावी रण शुरू हो गया है और यहां कई दलों में रणनीति सामने वाले के मोहरों के हिसाब से बदल रही है। एक प्रमुख विपक्षी दल ने अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। लेकिन उम्मीदवार की घोषणा के बाद यहां उसके बदले जाने की चर्चा सुनाई देती रही। रविवार को सियासी गलियारों में यही चर्चा रही कि इस दल से अब भगवा ठाकुर आएंगे। कहने वालों ने कहा कि अभी संशय है और इधर वालों ने कहा कि कोई अंशय-संशय नहीं है और आप देख लेना यहां भगवा ठाकुर चेहरे को चुनाव लड़ने का मौका मिलेगा। वैसे भी एक भगवा ठाकुर चेहरे का नाम सुर्खियों में चल रहा है। करंट क्राइम ने जब भगवा ठाकुर चेहरे से उनके नामांकन को लेकर बात की तो यहां सबसे खास बात यह रही कि भगवा ठाकुर चेहरे ने खुद के नामांकन से इनकार नहीं किया। खुद को पार्टी का देवतुल्य भी नहीं कहा और यह कहा कि मेरे लिए पार्टी से पहले समाज है। हम समाज में विचार-विमर्श करेंगे और जैसा समाज कहेगा, वैसा ही करेंगे। वहीं सूत्र बताते हैं कि स्टोरी में बड़ा भगवा ट्विस्ट आ गया है। क्योंकि इस वाले दल से चुनाव लड़ने की इच्छा लेकर भाजपा का एक बड़ा ठाकुर चेहरा सामने आ गया है। मानने वाले यह मान रहे हैं कि अगर इस दल ने यह ठाकुर कार्ड चला और भगवा ठाकुर साहब ने इस दल से पर्चा भरा तो कहानी में बड़ा इफेक्ट आ सकता है।

वित्तीय वर्ष 23-24 में निगम ने की 295 करोड़ की हाउस टैक्स वसूली

नगर आयुक्त ने किया टीम का उत्साहवर्धन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतिम दिन, 4 करोड़ 47 लाख की हाउस टैक्स वसूली की गई, करदाताओं की लगातार भीड़ जोनल कार्यालय पर लगी रही अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए करदाताओं ने 31 मार्च 2024 वित्तीय वर्ष की अंतिम दिन अधिक से अधिक हाउस टैक्स जमा किया, वसुंधरा जोन अंतर्गत 2 करोड़ 10 लाख की वसूली हुई, विजयनगर अंतर्गत 13 लाख की वसूली हुई, मोहन नगर अंतर्गत 52 लाख की वसूली हुई, सिटी जोन अंतर्गत एक करोड़ 40 लाख की वसूली हुई, कवि नगर अंतर्गत 32 लाख की वसूली हुई इस प्रकार गाजियाबाद नगर निगम कोश में लगभग 4 करोड़ 47 लाख की वसूली हुई। नगर आयुक्त गाजियाबाद विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा जोनल प्रभारी तथा टैक्स विभाग की टीम को मोटिवेट करते हुए और अधिक बेहतर कार्य लगातार करने के लिए कहा गाजियाबाद नगर निगम द्वारा पिछले वर्ष के सापेक्ष 89 करोड़ अधिक

पिछले वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष 89 करोड़ की हुई अधिक वसूली
मार्च माह के अंतिम दिन 4 करोड़ 47 लाख की हुई हाउस टैक्स वसूली

वसूली की है जो की सराहनीय है सम्मानित करदाताओं को जागरुक करते हुए गाजियाबाद नगर निगम ने वसूली की कार्यवाही को बढ़ाया है मार्च माह में इस वर्ष पिछले वर्ष के सापेक्ष 34 करोड़ की अधिक वृद्धि हुई है लगभग 85 करोड़ 73 लाख की वसूली की गई, पिछले वर्ष 51 करोड़ 67 लाख की वसूली मार्च माह के अंतर्गत की गई थी, डॉ संजीव मुख्य कर निर्धारण अधिकारी द्वारा, बताया गया कि लगातार अवकाश दिवसों में भी कड़ी मेहनत करते हुए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स वसूली को बढ़ाया गया है जोनल प्रभारी तथा अन्य टीम द्वारा भी बेहतर कार्य किया गया है नगर आयुक्त महोदय के निर्देश अनुसार लगातार कार्यवाही को जारी रखा जाएगा तथा जिनके बकाया हाउस टैक्स है उन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। नगर आयुक्त के कुशल नेतृत्व में हाउस टैक्स वसूली बढ़ी है शहर के विकास कार्यों में भी बढ़ोतरी होगी, हाउस टैक्स जमा करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है जिसको बखूबी लगातार जागरूक होते हुए शहर निवासी अपनी निभा रहे हैं, उत्तर प्रदेश में भी हाउस टैक्स वसूली के क्रम में अच्छा स्थान गाजियाबाद नगर निगम ने प्राप्त पहले भी किया है इसी क्रम को लगातार विभाग द्वारा बनाए रखा गया तथा 1 अप्रैल 2024 से 12% ब्याज के साथ हाउस टैक्स की वसूली जारी रहेगी टीम को नगर आयुक्त द्वारा निर्देश दिए गए हैं। अवकाश दिवस में भी गाजियाबाद नगर निगम द्वारा जोनल कार्यालय खोले गए सभी जोनल प्रभारी अपनी-अपनी टीम के साथ अपने-अपने क्षेत्र में हाउस टैक्स जमा करने के लिए लोगों के बीच बने रहे तथा अपना हाउस टैक्स जमा करने की अपील की मुख्य कर निर्धारण अधिकारी लगातार सभी जोन में उपस्थित होकर टीम का उत्साह वर्धन करते रहे, आरडब्ल्यूए पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों का भी विशेष सहयोग निगम को प्राप्त हुआ।

संपादकीय

अमेरिका से मिले धोखे के बाद यूक्रेन ने अब भारत की ओर कदम बढ़ाए, क्या अपने अजीज दोस्त रूस को करेगा नाराज?

यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा रूस के साथ चल रहे संघर्ष के बीच कीव के शांति प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए नई दिल्ली में अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर से मुलाकात की है। 28 मार्च को दक्षिण एशियाई देश की दो दिवसीय यात्रा शुरू करने वाले कुलेबा भारत और यूक्रेन के बीच संबंधों को मजबूत करना भी चाहते हैं। भारत और रूस की दोस्ती कितनी मजबूत है इस बात को तो पूरी दुनिया जानती है। यही वजह है कि पीएम नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की दोस्ती देखते बनती है। भारत किस तरह से रूस के साथ अपनी दोस्ती निभा रहा है ये तो मॉस्को भी मानता है। दोनों देशों के बीच आपस में इतनी बनती है और ऐसा तालमेल है कि दुनिया में न्यूक्लियर अटैक रोकने में भी भारत की मदद ली जाती है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर हाल ही में अमेरिकी मीडिया में खुलाया किया गया था कि किस तरह से यूक्रेन पर न्यूक्लियर अटैक होने वाला था और उसे भारत की पहल के जरिए टाला गया। भारत की बात रूस मानता भी है। इस बात को यूक्रेन भी बखूबी समझ रहा है। यूक्रेन के विदेश मंत्री भारत दौरे पर आए हुए हैं। उनकी यहां पर कई दौर की बैठकों के साथ कई बड़े लोगों से मुलाकात भी हो रही है। वहीं अपने विदेश मंत्री के दौरे के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्दमीर जेलेंस्की ने भारत को लेकर एक ट्वीट किया है। उन्होंने कहा है कि हम उम्मीद करते हैं कि भारत आने वाले स्विस पीस कॉन्फ्रेंस को ज्वाइन करेगा। रूस -यूक्रेन के बीत टेबल टॉक में अपनी अहम भूमिका निभाएगा। यूक्रेनी राष्ट्रपति को भारत के प्रधानमंत्री से काफी उम्मीदे हैं। हाल ही में उनकी पीएम मोदी से फोन पर बातचीत भी हुई थी।

यूक्रेन का शांति शिखर सम्मेलन

यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा रूस के साथ चल रहे संघर्ष के बीच कीव के शांति प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए नई दिल्ली में अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर से मुलाकात की है। 28 मार्च को दक्षिण एशियाई देश की दो दिवसीय यात्रा शुरू करने वाले कुलेबा भारत और यूक्रेन के बीच संबंधों को मजबूत करना भी चाहते हैं। कुलेबा को अंतरराष्ट्रीय शांति शिखर सम्मेलन के लिए भारत का समर्थन मिलने की उम्मीद है, जिसे तटस्थ स्विट्जरलैंड संभवत: वसंत ऋतु में आयोजित करेगा। सम्मेलन की तारीखों की अभी घोषणा नहीं की गई है। यूक्रेन ने रूस के साथ राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के 10-सूत्रीय शांति प्रस्ताव के लिए समर्थन जुटाने के लिए शिखर सम्मेलन आयोजित करने की योजना बनाई है। जनवरी में स्विस राष्ट्रपति वियोला एमहर्ड ने कहा कि उनका देश वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। यूक्रेनी राष्ट्रपति के अनुरोध पर स्विट्जरलैंड शांति फामूर्ले पर शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने के लिए सहमत हो गया है। जेलेंस्की ने 2022 में इंडोनेशिया में जी20 शिखर सम्मेलन में 10 सूत्री शांति योजना का अनावरण किया था। प्रस्ताव में यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता को बहाल करना, रूसी सैनिकों की वापसी और शत्रुता को रोकना, सभी कैदियों और बंदियों की रिहाई, पर्यावरण संरक्षण, यूक्रेनी भोजन की शिपमेंट सुनिश्चित करना, अनाज, ऊर्जा सुरक्षा, यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी, रूसी युद्ध अपराधों पर मुकदमा चलाने के लिए एक विशेष न्यायाधिकरण की स्थापना, परमाणु सुरक्षा बहाल करना और युद्ध समाप्त करना शामिल है। यूक्रेन शांति सम्मेलन में भारत की भागीदारी चाहता है। 20 मार्च को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने फोन कॉल के दौरान, जेलेंस्की ने सम्मेलन में भारत की उपस्थिति पर जोर दिया था। एक्स को संबोधित करते हुए, यूक्रेनी राष्ट्रपति ने लिखा कि भारत को उद्घाटन शांति शिखर सम्मेलन में भाग लेते देखना हमारे लिए महत्वपूर्ण था, जो वर्तमान में स्विट्जरलैंड में तैयार किया जा रहा है। पीएम मोदी ने अपने पोस्ट में कहा कि उन्होंने जेलेंस्की को शांति के लिए सभी प्रयासों और चल रहे संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने के लिए भारत के निरंतर समर्थन से अवगत कराया था। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भारत हमारे जन-केंद्रित दृष्टिकोण द्वारा निर्देशित मानवीय सहायता प्रदान करना जारी रखेगा। नई दिल्ली ने यूक्रेन के साथ मास्को के युद्ध में तटस्थ रुख बनाए रखा है। भारत ने कई बार दोहराया है कि बातचीत और कूटनीति ही संघर्ष को सुलझाने का रास्ता है।

क्या भारत होगा शामिल?

उम्मीद है कि कुलेबा भारतीय अधिकारियों के साथ बातचीत के दौरान शांति शिखर सम्मेलन का मुद्दा उठाएंगे। मामले से परिचित लोगों के अनुसार, भारत ने अभी तक स्प्रिंग शिखर सम्मेलन में अपनी भागीदारी के स्तर पर निर्णय नहीं लिया है। भारत में अगले महीने से शुरू होकर 1 जून तक होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उन्होंने कहा कि अगर इस अवधि के दौरान शिखर सम्मेलन होता है तो उच्चतम स्तर पर नई दिल्ली की उपस्थिति खतरनाक होगी। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि कौन से देश भाग लेंगे या रूस शिखर सम्मेलन का हिस्सा होगा या नहीं। रॉयटर्स के अनुसार, यूक्रेन को रूस की भागीदारी के बिना विश्व नेताओं का वैश्विक शिखर सम्मेलन आयोजित करने की उम्मीद है। जेलेंस्की ने जनवरी में स्विट्जरलैंड में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि हम दुनिया के उन सभी देशों के लिए खुले हैं जो हमारी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हैं। इसलिए आप निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि हम किसे आमंत्रित करते हैं। रूस ने यूक्रेन के नेतृत्व वाली पहल को गैर-स्टार्टर के रूप में खारिज कर दिया है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट (एससीएमपी) की रिपोर्ट के अनुसार, लेकिन चीन और स्विट्जरलैंड यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के उद्देश्य से मास्को को वार्ता में आमंत्रित करने के लिए दबाव डाल रहे हैं। पिछले हफ्ते स्विस राजधानी बर्न में चीन के राजदूत ने कहा था कि बीजिंग शांति सम्मेलन में भाग लेने पर विचार करेगा। इस महीने की शुरूआत में ग्रीक प्रधान मंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस ने पुष्टि की कि वह वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने पिछले अगस्त में सऊदी अरब में यूक्रेन पर एक सभा में कहा था कि हालांकि कई शांति सूत्र जारी किए गए हैं, लेकिन कोई भी दोनों पक्षों के लिए स्वीकार्य नहीं है और पूछा कि क्या सभी हितधारकों के लिए स्वीकार्य समाधान पाया जा सकता है।

एजेंडे में और क्या है?

विदेश मंत्रालय के अनुसार, यूक्रेनी विदेश मंत्री अपने भारतीय समकक्ष के साथ पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर द्विपक्षीय साझेदारी और सहयोग पर भी चर्चा करेंगे। भारत-यूक्रेन अंतर-सरकारी आयोग का एक सत्र भी आयोजित होने वाला है। कुलेबा ने पहले कहा था कि कीव यूक्रेन के पुनर्निर्माण में भारत की भूमिका का स्वागत करेगा। उन्होंने अपनी यात्रा से पहले दिप्रिंट से कहा कि अब आर्थिक परियोजनाओं और निश्चित रूप से देश के पुनर्निर्माण में यूक्रेन के साथ जुड़ने के लिए भारत का स्वागत है। कुलेबा ने भारतीय कंपनियों से यूक्रेन के युद्ध के बाद के पुनर्निर्माण में शामिल होने का आह्वान किया है। उनकी भारत यात्रा, सात वर्षों में किसी यूक्रेनी विदेश मंत्री की पहली यात्रा, ऐसे समय में हो रही है जब रूस अग्रिम मोर्चे पर प्रगति के लिए कमर कस रहा है। रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रम्प और कांग्रेस में उनके समर्थकों के प्रतिरोध के कारण कीव को संयुक्त राज्य अमेरिका से बहुत जरूरी सैन्य समर्थन का भी इंतजार है।

आज एलपीजी सिलेंडर होगा सस्ता! 6 महीने में तीसरी बार राहत के संकेत

नई दिल्ली। कल यानी 1 अप्रैल ने नए फाइनेंशियल ईयर की शुरूआत हो रही है। फाइनेंशियल ईयर के पहले दिन ही कई ऐसे बदलाव होंगे, जिसका सीधा असर आपकी जेब पर पड़ेगा। ऐसा ही एक बदलाव एलपीजी सिलेंडर की कीमत से जुड़ा है। दरअसल, सरकारी तेल कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी सिलेंडर की कीमत को निर्धारित करती हैं। इसी कड़ी में अप्रैल महीने की एलपीजी सिलेंडर की कीमत तय होगी। लोकसभा चुनाव को देखते हुए ऐसा माना जा रहा है कि सिलेंडर की कीमत में कटौती हो सकती है। 100 रुपये की मिली है राहत बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला दिवस यानी पर 8

मार्च को एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट देने की घोषणा की थी। पीएम मोदी ने कहा था- इससे नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा। यह कदम पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार बनेगा, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। बता दें कि इस कटौती के बाद अब देश की राजधानी दिल्ली में एलपीजी सिलेंडर की कीमत 803 रुपये है। वहीं, उज्जवला योजना के लाभार्थियों को इस कीमत पर 300 रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी मिलती है। ऐसे में लाभार्थियों के लिए एलपीजी सिलेंडर 503 रुपये में उपलब्ध है।

छह महीने में दूसरी बार कटौती

मार्च महीने में पिछले छह महीने में दूसरी बार एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कटौती की गई थी। अगस्त 2023 में रक्षाबंधन के मौके पर एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 200 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई थी। इसी तरह अक्टूबर 2023 में उज्जवला लाभार्थियों की सब्सिडी भी 200 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये कर दी गई थी। बता दें कि तब मध्य प्रदेश और राजस्थान सहित 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव होने वाले थे।

1 शेयर पर 94 रुपये का डिविडेंड दे रही है कंपनी

नई दिल्ली। शेयर बाजार में इस हफ्ते कई कंपनियां एक्स-डिविडेंड ट्रेड करेंगी। इन कंपनियों की लिस्ट में टीवीएस होल्डिंग्स लिमिटेड भी शामिल है। कंपनी योग्य निवेशकों को एक शेयर पर 94 रुपये डिविडेंड देने का फैसला किया है। बता दें, शेयर बाजार में कंपनी का प्रदर्शन पिछले एक साल में शानदार रहा है। आइए डीटेल्स में जानते हैं । कब है रिकॉर्ड डेट? 21 मार्च को कंपनी की बोर्ड मीटिंग हुई थी। इसी मीटिंग में तय हुआ था कि 5 रुपये के फेस वैल्यू एक शेयर पर 1880 प्रतिशत का डिविडेंड दिया जाएगा। यानी कंपनी योग्य निवेशकों को 1 शेयर पर 94 रुपये का डिविडेंड देगी। कंपनी ने रिकॉर्ड डेट के लिए 2 अप्रैल की तारीख तय किया है। यानी जिन निवेशकों का नाम इस दिन कंपनी

के रिकॉर्ड बुक में रहेगा उसे ही डिविडेंड का लाभ मिलेगा। बोनस शेयर बांट चुकी है कंपनी चालू वित्त वर्ष में कंपनी पहली बार डिविडेंड दे रही है। इससे पहले कंपनी 2 फरवरी 2023 में एक्स-डिविडेंड ट्रेड की थी। तब कंपनी ने एक शेयर पर 59 रुपये का डिविडेंड दिया था। बता दें, साल 2009 में कंपनी ने बोनस शेयर भी दिया है। तब कंपनी की तरफ से योग्य निवेशकों को 1 शेयर पर 1 शेयर बोनस दिया गया था। शेयर बाजार में कैसा रहा पिछले 6 महीने का समय शुक्रवार को कंपनी के शेयरों का भाव 0.64 प्रतिशत की तेजी के साथ 8159.50 रुपये के लेवल पर था। पिछले 6 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। वहीं, बीते एक साल में कंपनी ने 120 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। हालांकि, टीवीएस होल्डिंग्स लिमिटेड के शेयरों का भाव पिछले 1 महीने में 10 प्रतिशत तक टूट गया है। कंपनी का 52 वीक हाई 9685 रुपये और 52 वीक लो लेवल 3063.64 रुपये प्रति शेयर है। कंपनी का मार्केट कैप 16,508.37 करोड़ रुपये का है।

150 पर जा सकता है यह पावर शेयर लगातार कर रहा मालामाल, एक्सपर्ट बोले- खरीद लो होगा मुनाफा

नई दिल्ली। बीते कारोबारी दिन बाजार में तेजी के बीच एनर्जी सेक्टर से जुड़ी कंपनी- एसजेवीएन लिमिटेड के शेयर सुस्त नजर आए। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी गुरुवार को एसजेवीएन लिमिटेड के शेयर 121.40 रुपये पर बंद हुए। एक दिन पहले की क्लोजिंग के मुकाबले शेयर में 1.18% की गिरावट दर्ज की गई। बता दें कि शुक्रवार को गुड फ्राइडे की वजह से शेयर बाजार बंद रहे। वहीं, शनिवार और रविवार को साप्ताहिक अवकाश की वजह से बाजाद बंद हैं।

एक्सपर्ट हैं बुलिश

भले ही एसजेवीएन लिमिटेड के शेयर में सुस्ती हो लेकिन इसको लेकर एक्सपर्ट बुलिश नजर आ रहे हैं। घरेलू ब्रोकरेज एचडीएफसी सिक्योरिटीज के मुताबिक शेयर की कीमत 150 रुपये तक जा सकती है। यह 20 फीसदी से ज्यादा के रिटर्न को दिखाता है। इस शेयर के लिए स्टॉप लॉस 117 रुपये है। एक्सपर्ट ने तीन महीने की अवधि के इस शेयर का टारगेट प्राइस तय किया है।

क्या है कंपनी का प्लान

एसजेवीएन लिमिटेड का लक्ष्य अगले दो वित्तीय वर्षों में राजस्व में 4000 करोड़ जोड़ने का है। इस प्लान के बारे में कंपनी के एमडी और चेयरमैन गीता कपूर ने बताया है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025 में कंपनी का लक्ष्य राजस्व में 2700 करोड़ और वित्तीय वर्ष 2026 में राजस्व में 1000 करोड़ से 1500 करोड़ जोड़ना है। वित्तीय वर्ष 2023 में एसजेवीएन ने परिचालन से 2938 करोड़ का राजस्व दर्ज किया था। एसजेवीएन की अगले दो वर्षों में 1176 मेगावाट क्षमता जोड़ने की भी योजना है। वर्तमान में एसजेवीएन ने 1972 मेगावाट की जल विद्युत क्षमता स्थापित की है और रिन्यूएबल एनर्जी 404 मेगावाट है। सितंबर 2024 में 2000 मेगावाट की अन्य सौर परियोजनाएं भी चालू हो जाएंगी। अगले वित्तीय वर्ष में एसजेवीएन 2,900 मेगावाट क्षमता जोड़ेगा।

राशिफल

मेष: आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

वृष: जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

मिथुन: शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

कर्क: पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

सिंह: व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

कन्या: प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

तुला: कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

वृश्चिक: किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

धनु: आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

मकर: लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

कुंभ: किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

मीन: वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

चुटकुले

गप्पू- यार पेट कम करने का कोई तरीका बताओ
पप्पू- फोटो छाती तक ही खिंचाया कर...
गप्पू- सच में ...जिंदगी में ऐसे दोस्त जिनके पास नहीं हैं...उनका जीवन व्यर्थ है...

एक अंकल ने पप्पू से पूछा - पढ़ाई कैसी चल रही है...?
पप्पू ने जवाब दिया - अंकल, समंदर जितना सिलेबस है, नदी जितना पढ़ पाते हैं,
बाल्टी भर याद होता है, गिलास भर लिख पाते हैं,
चुल्लू भर नंबर आते हैं, उसी में डूब कर मर जाते हैं...!!!

रामू (डॉक्टर से)- डॉक्टर साहब, जब मैं सोता हूं तो सपने में बंदर फुटबॉल खेलते हुए दिखाई देते हैं।
डॉक्टर- तुम ये गोली रात को खाना खाने के बाद और सोने से पहले खा लेना।
रामू- कल से खाऊंगा क्योंकि आज तो फाइनल मैच है।

रोचक तथ्यों का करंट



- आप यह जानकर हैरान रह जाएंगे, हमारे शरीर में इतना लोहा होता है कि उससे 1 इंच लंबी कील बनाई जा सकती है।
- एक समुद्री केकड़े का दिल उसके सिर में होता है।
- इंटरनेट पर 80% ट्रैफिक, सर्च इंजन से आता है।
- आप यकीन मानिये आपको कभी भी ये याद नहीं रहेगा की आपका सपना कहाँ से शुरू हुआ था।
- दुनिया में 85% लोग सोने से पहले वो सब सोचते हैं, जो वो अपने जीवन में करना चाहते हैं।
- एक माँ अपने बच्चे के वजन का तकरीबन सही अंदाजा लगा सकती है, जबकि पिता उसकी लंबाई का।
- यदि एक चींटी का आकार एक आदमी के बराबर हो, तो वो कार से दोगुनी तेजी से दौड़ेगी।
- आपका दिमाग एक भी चेहरा अपने आप नहीं बना सकता, आप जो भी चेहरे सपनों में देखते हैं वो जीवन में कभी न कभी आपके द्वारा देखे जा चुके होते हैं।
- खुश रहने वाले लोगों की तुलना में परेशान रहने वाले लोग ज्यादा पैसे खर्च करते हैं।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

वसुंधरा मंडल में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग का हुआ स्वागत

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वसुंधरा मंडल में कार्यकताओं ने लिया ऐतिहासिक जीत का संकल्प महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के निर्देश अनुसार एवं मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता परिचय बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा लोकसभा गाजियाबाद प्रत्याशी अतुल गर्ग की उपस्थिति रहे। साथ ही साहिबाबाद विधायक उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान महानगर मंत्री संजीव झा मंडल प्रभारी डॉक्टर उदिता त्यागी वसुंधरा मंडल के समस्त पार्षद गण प्रतिमा शर्मा, सत्येंद्र चौधरी, शिल्पा चौधरी, नरेश भाटी, नीलम भारद्वाज, राजकुमार भाटी, गौरव सोलंकी महेंद्र चौधरी, मोनिका पंडित, डॉक्टर सुषमा रानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र नागर, राजीव शर्मा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एससी मोर्चा अशोक संत, सुभाष प्रधान, प्रतीक माथुर, रॉबिन शर्मा, अनुराग मिश्रा, सोशल मीडिया महानगर सदस्य सभी लोग उपस्थित रहे। जिसमें मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा के नेतृत्व को यह आश्वासन दिया की हर बार की तरह वसुंधरा मंडल इस बार भी चुनाव में जीत हासिल होगी। और प्रत्येक बूथों पर कम से कम 80% वोटिंग होगी।

सभा में वसुंधरा मंडल की समस्त टीम मंडल महामंत्री कान्ति त्यागी, मंडल उपाध्यक्ष हरिओम गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष अशोक पांडे, मंडल मंत्री मदन सिंह बिष्ट, वार्ड अध्यक्ष राजीव शर्मा , मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र ठाकुर सोशल मीडिया संयोजक हिमांशु गिरी, सह संयोजक आशुतोष सिंह, किसान मोर्चा अध्यक्ष रामकुमार चौधरी, महिला मोर्चा से छाया भाटी, निशी त्यागी, मेघा वर्मा, मुकेश पाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हार्दिक पांड्या के खिलाफ हूटिंग करने वालों की होगी गिरफ्तारी

मुंबई। हार्दिक पांड्या के लिए आईपीएल का 17वां सीजन अब तक कुछ खास नहीं रहा है। गुजरात और हैदराबाद के खिलाफ खेले गए दोनों मैचों में मुंबई इंडियंस को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। इस वजह से हार्दिक के प्रति फैंस के बीच नाराजगी है। उन्हें कई बार हूटिंग का भी सामना करना पड़ा। सोशल मीडिया पर पिछले कुछ दिनों से दावा किया जा रहा है कि एक अप्रैल को मुंबई इंडियंस बनाम राजस्थान मैच में हूटिंग करने वालों के खिलाफ मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) सख्त कार्रवाई करेगा। हालांकि, इसमें कोई सच्चाई नहीं है। एमसीए ने इसको लेकर आधिकारिक बयान जारी करते हुए इसका खंडन किया है। आईपीएल 2024 से पहले मुंबई इंडियंस की कप्तानी में बड़ा बदलाव देखने को मिला। टीम मैनेजमेंट ने रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पांड्या को टीम की कमान सौंप दी।

अर्थला मोहन नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने फिर एक बार मोदी सरकार का लिया संकल्प

साहिबाबाद करंट क्राइम। साहिबाबाद विधानसभा के अर्थला मोहन नगर मंडल में बूथ अध्यक्ष ,शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी, वार्ड अध्यक्ष, मंडल की टीम समस्त मोर्चे की टीम,सभी पार्षद गण एव वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक मंडल अध्यक्ष दीपक राघव के नेतृत्व में आई टी एस कॉलेज मोहन नगर पर संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में अतुल गर्ग लोकसभा प्रत्याशी एवं महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल, पप्पू पहलवान महानगर मंत्री, बी एल गौतम, विधानसभा संयोजक राजेश्वर मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव को लेकर सभी ने एक स्वर में नारा दिया फिर एक बार फिर मोदी सरकार। सभी ने अतुल गर्ग को लगभग 8 लाख वोटो से जीतने का निश्चय किया और अपने-अपने बूथो को मजबूत करने का संकल्प लिया।

बैठक में मनोज पाल, सचिन डागर,सुधीर कुमार, सुनंदा चौहान, पूर्व पार्षद बिजेंदर चौहान सोनू चौहान भूपेंद्र सिंह रचना शंकर विनत चौधरी सतीश नागर अरुण चौहान भूषण चौहान अरुण कुमार अनिल तेवतिया राजकुमार खन्ना राजेश सिंह नितेश शर्मा, डॉ राजेश, रवि दत्त निमेष, तुषार राणा चमन गोस्वामी वैभव सक्सैना योगेश वाल्मीकि रोहित चौहान अंकित ठाकुर मनोज बोरा जय गुप्ता नीरज जी आदि लोग उपस्थित रहे।

1000 रन बनाते ही अभिषेक शर्मा अपने नाम कर लेंगे ये खास उपलब्धि, ऐसा करने वाले तीसरे भारतीय होंगे

नई दिल्ली। सनराइजर्स हैदराबाद के युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के नाम गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को होने वाले मैच के दौरान एक खास उपलब्धि जुड़ सकती है। अभिषेक अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में होने वाले इस मैच में अगर दमदार प्रदर्शन करने में सफल रहे तो वह आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 1000 रन पूरे करने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे।

मुंबई के खिलाफ बिखेरा था जलवा

अभिषेक ने कुछ दिनों पहले मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए मैच में हैदराबाद के लिए सबसे तेज अर्धशतक लगाने का भी काम किया था। मुंबई के खिलाफ खेले गए इस मुकाबले में अभिषेक शर्मा ने ट्रेविस हेड का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। उन्होंने 16 गेंदों में अपना अर्धशतक लगाया ट्रेविस हेड ने भी उसी मैच में 18 गेंदों में अपना अर्धशतक ठोका था, लेकिन अभिषेक ने चंद मिनटों बाद ही हेड का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे अभिषेक ने मुंबई के खिलाफ 23 गेंदों पर 63 रनों की पारी खेली थी जिससे हैदराबाद आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा करने में सफल रहा था। आईपीएल में 1000 रन पूरे करने के लिए चाहिए 75 रन अभिषेक अगर गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में 75 रन बनाने में सफल रहे तो वह अपनी फ्रेंचाइजी के लिए आईपीएल में 1000 रन बनाने वाले तीसरे भारतीय और कुल पांचवें खिलाड़ी बन जाएंगे।

अभिषेक के नाम 46 मैचों में अबतक 925 रन हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए शिखर धवन और मनीष पांडे ही ऐसे भारतीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने 1000 से अधिक रन बनाए हैं। इतना ही नहीं अगर अभिषेक 1000 रन पूरे करने में सफल रहे तो वह मनन वोहरा के बाद ऐसे दूसरे भारतीय अनकैप्ड खिलाड़ी होंगे जिसने आईपीएल में इतने रन बनाए हैं। राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपरजाएंट्स के लिए खेल चुके मनन वोहरा के नाम 56 आईपीएल मैचों में 1083 रन हैं।

चौकों का शतक लगाने के करीब अभिषेक

अभिषेक गुजरात टाइटंस के खिलाफ एक और उपलब्धि हासिल करने के करीब हैं। अभिषेक अगर इस मैच में चार चौके लगाने में सफल रहे तो वह आईपीएल में 100 चौके पूरे कर लेंगे। अभिषेक ने सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलते हुए 96 चौके और 35 छक्के लगाए हैं। अगर अभिषेक 100 चौके लगाने में सफल रहे तो वह 2016 की आईपीएल चैंपियन टीम के पांचवें ऐसे बल्लेबाज होंगे जिन्होंने इस टूर्नामेंट में इस टीम के लिए चौकों का शतक पूरा किया है।

पाकिस्तान टीम के प्रदर्शन में और सुधार की जरूरत : पीसीबी

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट टीम में पिछले कुछ समय से सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। टीम को पिछले साल भारत हुए वनडे विश्व कप में हार का सामना करना पड़ा था और पाकिस्तानी टीम सेमीफाइनल में भी प्रवेश नहीं कर सकी थी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टीम के प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए एक अहम फैसला लिया है। पाकिस्तान ने इसके लिए टेस्ट और सीमित ओवर के प्रारूपों के लिए अलग-अलग विदेशी कोच नियुक्त करना का फैसला किया है।

पीसीबी ने मंगाए आवेदन

माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन इन पदों के लिए प्रमुख दावेदार हो सकते हैं। पीसीबी ने इसके लिए आधिकारिक रूप से विज्ञापन दिया है और इन पदों के लिए आवेदन मंगाए हैं। विदेशी कोच बनने की रुचि रखने वाले

उम्मीदवार को 15 अप्रैल तक इसके लिए आवेदन करना होगा। उपयुक्त उम्मीदवार को घरेलू, इंटरनेशनल या फ्रेंचाइजी टीम के लिए कम से कम पांच साल तक कोचिंग देने का अनुभव होना चाहिए। इसके अलावा उम्मीदवार को कम से कम दो टीम की कोचिंग करने का अनुभव होना चाहिए। इसमें कहा गया है कि जिस उम्मीदवार को ज्यादा अनुभव होगा उसकी दावेदारी पुख्ता होगी और उस उम्मीदवार को वरीयता दी जाएगी। गिलेस्पी-कर्स्टन दौड़ में सबसे आगे

न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, पीसीबी सूत्रों ने बताया कि भले ही विज्ञापन के जरिये आवेदन मंगाए गए हैं, लेकिन बोर्ड कर्स्टन और गिलेस्पी के साथ इस बारे में बात कर रहा है कि यह दोनों दिग्गज इस भूमिका के इच्छुक है या नहीं। बोर्ड का मानना है कि अगर कर्स्टन और गिलेस्पी इसके लिए राजी हो जाते हैं तो पीसीबी लंबी अवधि के लिए इन दोनों को यह भूमिका देगा। कर्स्टन भारतीय टीम के कोच रह चुके हैं और उनके कार्यकाल के दौरान ही टीम ने 2011 में महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में वनडे विश्व कप का खिताब जीता था। पीसीबी कर्स्टन को सफेद गेंद, जबकि गिलेस्पी को टेस्ट टीम का मुख्य कोच बनाना चाहता है।

नकवी ने बोर्ड ऑफ गवनर्स को दी जानकारी

सूत्रों ने कहा कि पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने इस बात की जानकारी बोर्ड ऑफ गवनर्स को दे दी है। सूत्र ने कहा, 'उन्होंने विज्ञापन दिया है जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि जो भी कोच नियुक्त हो उसका एक सही करार हो और उनका कार्यकाल सही रहे।

' हाल के वर्षों में यह पहला मौका है जब पीसीबी ने राष्ट्रीय टीम के कोच पद के लिए विज्ञापन जारी किया है। जका असरफ और नजम सेठी के कार्यकाल में बिना विज्ञापन के कोच नियुक्त किए गए थे। इसके अलावा रमीज राजा ने भी बिना विज्ञापन दिए विदेशी सलाहकार की नियुक्ति की थी।

संपर्क सूत्र स्मारिका 2024 का विमोचन

गाजियाबाद करंट क्राइम। जनकल्याण ट्रस्ट, द्वारा अपना नवम संस्करण संपर्क सूत्र स्मारिका 2024 का विमोचन नेहरू वर्ल्ड स्कूल, शास्त्री नगर गाजियाबाद में किया गया। जिसमें जन कल्याण परिवार के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। जन कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष आर के गोयल ने बताया कि संस्था पिछले 20 वर्ष से प्रत्येक 2 वर्ष के अन्तर पर स्मारिका निकाल रही है। पिछली सम्पर्क सूत्र, 2020 में प्रकाशित की गई थी, लेकिन करोना काल के कारण नवम संस्करण निकालने में 2 वर्ष अतिरिक्त लग गए। संस्था द्वारा स्वर्ण जयंतीपुरम, गोविंदपुरम, मंडी समिति की टेलीफोन निर्देशिका भी निकाली जाती है। ये सभी निवासियों को निशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। इसमें क्षेत्र के सभी निवासियों व व्यापारियों के फोन नंबर छपे होते हैं। साथ ही उपयोगी दूरभाष में शहर के सभी सरकारी कार्यालयों, बैंकों स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों होटलों व विवाह स्थलों आदि की जानकारी भी उपलब्ध होती है। विमोचन समारोह में अन्य सैकड़ों लोगों के अलावा डॉ आर के पोद्दार, सी ए जितेन्द्र गोयल, डॉ सुभाष गुप्ता, चौ0 के पी सिंह, देवेन्द्र गोयल, एन के गोयल, पार्षद अमित त्यागी, पार्षद अजित निगम, व्यापारी नेता अजय चोपड़ा, संजीव अग्रवाल, अवधेश शर्मा, दीपक अग्रवाल भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

गुजरात के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद में बदलाव की संभावना

अहमदाबाद। गुजरात टाइटंस का सामना आज अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पर शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम से होगा। सनराइजर्स ने अपने पिछले मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया था और आईपीएल इतिहास का सबसे ज्यादा बड़ा स्कोर बनाया था। गुजरात के लिए सनराइजर्स खतरा बन सकता है, लेकिन इस मैच में एक बार फिर नजरें गुजरात के कप्तान शुभमन गिल पर होंगी जिनका टीम के होम ग्राउंड पर बल्ला जमकर चलता है। गुजरात ने मुंबई के खिलाफ जीत के साथ शुरूआत की थी, लेकिन उसे पिछले मैच में गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से हार का सामना करना पड़ा था। मुंबई के खिलाफ सनराइजर्स का प्रदर्शन जिस तरह का रहा था उससे देखकर लग रहा है कि टीम गुजरात के खिलाफ प्लेइंग-11 में किसी तरह की छेड़छाड़ से बचना चाहेगी, जबकि गुजरात की टीम में गेंदबाजी स्तर पर मामूली बदलाव हो

सकता है। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला अब से कुछ ही देर में शुरू होगा। सनराइजर्स हैदराबाद की कोशिश जीत की लय बरकरार रखने की होगी, जबकि गुजरात की नजरें जीत की पटरी पर लौटने की होगी। सनराइजर्स के लिए गिल को रोकना होगा अहम सनराइजर्स ने भले ही पिछले मैच में शानदार प्रदर्शन किया था, लेकिन शुभमन गिल का अहमदाबाद में रिकॉर्ड बेहतर रहा है। गिल ने अहमदाबाद में खेली 13 आईपीएल पारियों में 63.6 के औसत से 700 रन बनाए हैं। किसी एक मैदान पर कम से कम 500 रन बनाने वाले किसी बल्लेबाज का यह चौथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। गिल ने पांच पारियों में 50 से अधिक का स्कोर बनाया है। ऐसे में गिल को इस मैदान पर रोकना किसी भी टीम के गेंदबाजों के लिए आसान नहीं होता है। सनराइजर्स को अगर अच्छा करना है तो उन्हें गिल को रोकने का तरीका ढूंढना होगा। गेंदबाजी गुजरात के लिए चिंता का सबब गुजरात टाइटंस को अबतक आईपीएल के इस सीजन में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की कमी खल रही है। उनकी जगह टीम में खेल रहे उमेश यादव शमी के बराबर का प्रदर्शन करते नहीं दिख रहे हैं जो गुजरात के लिए चिंता का सबब बनता जा रहा है। पिछले मैच में सीएसके से मिली हार के कारण गुजरात का नेट रनरेट भी काफी प्रभावित हुआ है। गुजरात के लिए पिछले दो सीजन अच्छे रहे थे जिसमें टीम एक बार विजेता बनी, जबकि पिछले सीजन उपविजेता रही। गुजरात को अगर इसी प्रदर्शन को बनाए रखना है तो उसे गेंदबाजी में सुधार करना होगा। हालांकि टीम के स्टार स्पिनर राशिद खान से गुजरात को काफी उम्मीदें जो टीम की जीत के सूत्रधार रहे हैं। गुजरात की टीम राशिद पर काफी निर्भर रहती है और कई बार उनका प्रदर्शन टीम की जीत या हार तय करता है। सीएसके के खिलाफ फ्लॉप रहा था गुजरात का बल्लेबाजी क्रम पिछले मैच में सीएसके के खिलाफ बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात का बल्लेबाजी क्रम लड़खड़ा गया था और साई सुदर्शन को छोड़कर टीम का कोई बल्लेबाज 30 से अधिक रन भी नहीं बना सका था। सुदर्शन और विजय शंकर ने इस दौरान धीमी बल्लेबाजी की, जबकि गिल की टी20 पारी की फिर आलोचना हो रही है जो इस सीजन दो पारियों में कुछ खास नहीं कर सके हैं। वहीं, डेविड मिलर भी अबतक रन बनाने के लिए जूझते नजर आए हैं और मध्य ओवरों में उनकी बल्लेबाजी काफी धीमी रही है। क्लासेन के छक्कों का नहीं है तोड़ सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज हेनरिच क्लासेन इस सीजन अपने बल्ले से काफी प्रभाव छोड़ रहे हैं।

उन्होंने दोनों मैचों में टीम के लिए अच्छी पारियां खेली हैं और अबतक 15 छक्के लगा चुके हैं। इस साल क्लासेन ने टी20 प्रारूप में कुल 53 छक्के लगाए हैं जो सर्वाधिक है। क्लासेन 5.4 पर औसतन एक छक्का लगा रहे हैं। क्लासेन की खास बात यह है कि वह सामने की ओर सबसे अधिक प्रहार करते हैं। अभिषेक पर रहेंगी नजरें ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले ट्रेविस हेड में यादगार डेब्यू किया है।

इस दिन हो सकता है भारतीय टीम का एलान
टीम में बदलाव की यह होगी अंतिम तारीख

नई दिल्ली। आईपीएल के 17वें सीजन के तुरंत बाद अमेरिका और वेस्टइंडीज की संयुक्त मेजबानी में आईसीसी टी20 विश्व कप का आयोजन होना है। इसके लिए सभी टीमों को एक मई से पहले अपनी टीम घोषित करनी होगी क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से टीम सौंपने की यह डेडलाइन है। माना जा रहा है कि इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा अप्रैल के अंतिम सप्ताह में हो जाएगी। न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों के मुताबिक भारतीय टीम अप्रैल के अंतिम सप्ताह में चुन ली जाएगी। हालांकि यह शुरूआती टीम होगी और प्रत्येक टीम के पास 25 मई तक अपनी इस टीम में बदलाव करने का मौका मिलेगा। बीसीसीआई के एक सीनियर सूत्र ने कहा, टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का चयन अप्रैल के अंतिम सप्ताह में किया जाएगा। इस समय तक आईपीएल के मौजूदा सीजन का पहला चरण खत्म हो चुका होगा जिससे राष्ट्रीय चयन समिति के दावेदारों की फॉर्म और फिटनेस का आकलन करने की स्थिति में होगी। भारतीय क्रिकेट टीम का पहला जत्था 19 मई को आईपीएल का लीग चरण खत्म होने के तुरंत बाद न्यूयॉर्क के लिए रवाना होगा। जिन खिलाड़ियों की टीम आईपीएल के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाएंगे वे भी जल्द ही टीम के साथ रवाना हो जाएंगे। ऐसा ही कुछ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के लिए भी किया गया था।

कुछ स्टैंडबाई खिलाड़ी भी टीम के साथ जा सकते हैं

एक जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप का आयोजन इस बार दो देशों वेस्टइंडीज और अमेरिका में हो रहा है इसलिए उम्मीद की जा रही है कि कुठ स्टैंडबाई खिलाड़ी भी भारतीय टीम के साथ यात्रा कर सकते हैं। इसका उद्देश्य यह है कि टीम का कोई खिलाड़ी अगर चोटिल होता है या किसी इमरजेंसी के कारण उसे अचानक टीम से हटना पड़ता है तो कोई भी लॉजिस्टिकल परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

मैच के लिए मौजूद होंगे चयनकर्ता

सूत्र ने बताया कि सभी चारों राष्ट्रीय चयनकर्ता अधिकतर मैचों को देखने के लिए यात्रा करेंगे। माना जा रहा है कि विश्व कप के लिए किसी भी दावेदार को कार्यभार प्रबंधन के बारे में कोई निर्देश नहीं दिया गया है क्योंकि आने वाले दो महीनों में वे सभी अपनी-अपनी फ्रेंचाइजी के लिए खेलेंगे। सूत्र ने कहा, जाहिर है कि अगर केंद्रीय अनुबंध या टारगेट खिलाड़ी चोटिल होता है तो उसका मामला सीधे एनसीए की मेडिसीन और स्पोर्ट्स साइंस टीम देखेगी।

आईपीएल तय करेगा चयन का पैमाना

समझा जाता है कि विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जिन खिलाड़ियों को जगह मिलेगी उसका पैमाना इनका आईपीएल के मौजूदा सीजन में प्रदर्शन तय करेगा। इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने के कई दावेदार हैं, ऐसे में चयनकताओं के सामने सही और मजबूत टीम चुनने की चुनौती होगी।

यहां यह भी देखना दिलचस्प होगा कि पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली को टीम में जगह मिलती या नहीं क्योंकि उनके टी20 विश्व कप में खेलने को लेकर कई तरह की बातें चल रही हैं। हालांकि कोहली का बल्लेबाज आईपीएल 2024 के शुरूआत मैचों में जमकर बोल रहा है और वह फिलहाल ऑरेंज कैप की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं।

क्या दिल्ली में होगी पृथ्वी शॉ की वापसी?
चेन्नई की नजर जीत की हैट्रिक पर

विशाखापत्तनम। आईपीएल के 17वें सीजन में लगातार दो मैच हारने वाली दिल्ली कैपिटल्स का सामना आज दिन के एक अन्य मुकाबले में गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से होगा। दिल्ली ने शुरूआती दो मैचों में टीम के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं दिया था। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम इस मैच के लिए पृथ्वी को मौका देगी या अपनी प्लेइंग-11 में कोई छेड़छाड़ नहीं करेगी। दूसरी ओर, इस सीजन अबतक अजेय चल रही सीएसके की नजरें जीत की हैट्रिक लगाने पर होंगी। पोंटिंग ने दिए पृथ्वी को शामिल करने के संकेत मैच से पहले दिल्ली कैपिटल्स के कोच रिकी पोंटिंग ने सीएसके के खिलाफ पृथ्वी को प्लेइंग इलेवन में शामिल करने के संकेत दिए हैं। पोंटिंग ने कहा, 'ट्रेनिंग के दौरान हमने पृथ्व शॉ पर नजर रखी। अगर वह सभी को प्रभावित करने में सफल रहे तो हम उन्हें सीएसके के

खिलाफ प्लेइंग इलेवन में शामिल करने पर विचार कर सकते हैं।' पृथ्वी ने पिछले सीजन अपनी बल्लेबाजी से काफी निराश किया था जिस कारण उन्हें अबतक मौका नहीं मिल सका है। सीएसके के खिलाफ खराब है दिल्ली का रिकॉर्ड दिल्ली कैपिटल्स की टीम रविवार को आईपीएल के मैच में इस सत्र में पहली बार जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी। हालांकि उसकी राह आसान नहीं होगी क्योंकि दिल्ली का रिकॉर्ड सीएसके के खिलाफ अच्छा नहीं रहा है। दोनों टीमों के बीच इस टूर्नामेंट में अबतक 29 मुकाबले खेले गए हैं जिसमें से 19 बार सीएसके को जीत मिली है, जबकि 10 मैचों में दिल्ली ने जीत का स्वाद चखा है। दिल्ली कैपिटल्स की टीम पिछली चार भिड़ंत में सीएसके की चुनौती से पार नहीं पा सकी और इसमें भी उसकी हार का अंतर 91 रन, 27 रन और 77 रन रहा है जो उसकी हालत दशार्ने के लिए काफी है। हर विभाग में मजबूत दिख रही है सीएसके सीएसके एक बार फिर हर विभाग में मजबूत दिख रही है जो कोच रिकी पोंटिंग की दिल्ली कैपिटल्स से उलट है क्योंकि दिल्ली की टीम अभी तक खेल के दोनों विभाग में कमजोर रही है। सीएसके ने अनकैप्ड समीर रिजवी को 8.40 करोड़ रुपये में खरीदा और पहले ही आईपीएल पारी में उनके द्वारा जड़े गए दो छक्कों ने दिखा दिया कि फ्रेंचाइजी उन्हें टीम में शामिल करने के लिए इतनी बेताब क्यों थी। पंत को करना होगा प्रदर्शन डेविड वॉर्नर भी अब पुरानी फॉर्म में नहीं दिखते जबकि कप्तान ऋषभ पंत को लय में आने की जरूरत है। पिछले दो मैचों में वह बड़ी पारी नहीं खेल पाए हैं। मिचेल मार्श पिछले दो सत्र से दिल्ली कैपिटल्स के साथ हैं, लेकिन उनका प्रदर्शन भी निरंतर नहीं रहा है। दिल्ली की अंतिम ओवरों में गेंदबाजी भी चिंता का विषय है जिसमें अक्षर पटेल को छोड़कर कोई भी अन्य गेंदबाज प्रति ओवर 7.50 से कम रन नहीं दे पाया।

बच्चों के सामने मां की फावड़ा मारकर हत्या, बेटा और बेटी बचाने आए तो उन्हें भी मारा, महिला के सिर पर किए ताबड़तोड़ वार

लोनी, करंट क्राइम। लोनी में बच्चों के सामने उनकी मां की फावड़े से काटकर हत्या कर दी गई। मां की चीख सुनकर बचाने आए बेटी और बेटे पर भी पिता ने हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गए। चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास के लोगों और बच्चों से मामले की जानकारी ली। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया। जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। पुलिस पूछताछ में अब तक सामने आया है कि आरोपी पति को अपनी पत्नी के चरित्र पर शक था, जिस कारण उसने वारदात को अंजाम दिया है। मामला थाना लोनी की मुस्तफाबाद कॉलोनी का है।

शराब पीकर आया और पत्नी को पीटने लगा

करंट क्राइम। कॉलोनी निवासी अयूब अपनी पत्नी फरजाना और 5 बच्चों के साथ यहां रहते हैं। वह बेलदारी का काम करता है। वहीं उसकी पत्नी भी सिलाई का काम करके घर के खर्चे में अपनी पति की मदद करती है। बताया जाता है कि अयूब शनिवार देर रात शराब पीकर घर आया। घर में घुसते ही पत्नी फरजाना से झगड़ा करने लगा। कहने लगा तुम्हारे कई लोगों से संबंध हैं। तुम्हारा कैरेक्टर ठीक नहीं है। जब फरजाना ने विरोध किया तो अयूब ने मारपीट शुरू कर दी।

चीख सुनकर मां को बचाने आए बच्चे

करंट क्राइम। गुस्से में फावड़ा उठाकर ले आया। फरजाना पर ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया। वारदात के समय अर्शी घर पर काम कर रही थी। सबसे छोटा भाई सो रहा था। वहीं बड़ा भाई किसी काम से घर के बाहर था। अर्शी की दूसरी बहन कमरे में थी। पहले तो उन लोगों ने ध्यान नहीं दिया। लेकिन जब फरसान जोर से चीखने लगी तो अर्शी और उसका छोटा भाई अपनी मां को बचाने आए।इस दौरान अयूब ने उन पर भी हमला कर दिया। इसके बाद फावड़ा सिर में मारकर फरजाना की हत्या कर दी। वारदात के बाद अयूब मौके से फरार हो गया। वहीं चीख-पुकार सुनकर लोग इकट्ठा हो गए। पुलिस भी आ गई। घटना की जानकारी ली। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पापा मम्मी पर शक करते थे, गंदा बोलते थे

करंट क्राइम। अयूब की बेटी अर्शी ने बताया, मेरी मां लेटी हुई थी और हम मशीन पर बैठकर काम कर रहे थे। पापा शराब पी के आए। मां ने पहले पापा को खाना दिया। हमको नहीं दिया। इसी बीच पापा को पता नहीं क्या हुआ, वह फावड़ा ले आए और मां को मारने लगे। मैं बचाने गई, मेरा भाई बचाने गया तो हमें भी फावड़ा लग गया। पापा को मम्मी पर शक होता था। पहले भी झगड़ा हुआ था। मम्मी को गाली देते थे। गंदा बोलते थे। एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फरजाना के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं कई टीम गठित कर कर आरोपी अयूब की गिरफ्तारी के लिए लगा दी है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है अयूब अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था , जिसको लेकर पहले भी कई बार झगड़े हुए हैं।

बता रहा है अवर अभियंता कि भाजपा का पार्षद हैं निर्माण नियंता

वैसे तो इस पार से लेकर उस पार तक निर्माण की चार ईंटे फूल वालो की इजाजत के बिना लग ही नही रही। खुद शिकायत करेगें फिर आय में इजाफा करेगें तब जाकर काम शुरू होगा। नदियापार में तो आवास विकास परिषद में एक पूरा सिंडिकेट काम कर रहा है और इस पार वार्ड में हा हाकार ही विकास वाले महकमें में भगवा शिकायतो का मचा हुया है। पहले उस वार्ड में शिकायत टेंडर भगवा मडंल प्रधान के नाम था और अब दलील पार्षद की दी जा रही है। किस्से में एक ऐसा निर्माण आ गया जिसमें चारो तरफ फूल खिले हुये हैं। बनाने वाला भाजपाई शिकायत करने वाला भाजपाई और जेई को सलाह देने वाला भाजपाई। बताने वाले ने बताया कि सीन में इधर से लेकर उधर तक भाजपाई हैं और मेंबर ने बैक गियर नही डाला तो हाथापाई भी बिटवीन द भाजपाई ही देखने को मिल सकती है। कहने वाले ने कहा कि जेई से पार्षद ने कहा कि निर्माण करने वाली पार्टी से कहो कि वो हमसे मिल ले। सीन में मित्तल एंट्री हो गई और फिर विनील की दलील को अब ऊपर तक ले जाने की तैयारी है। कहने वाले ने कहा कि एक बार भाजपा के पार्षदों, मडंल प्रभारी,अध्यक्ष बोर्ड मेंबरों द्वारा कि गई निर्माण की शिकायतों का शिजरा ही खुलवा ले भाजपा हाईकमान। भाजपा सरकार से लेकर संगठन को पता चल जायेगा कि शिकायत बिजनेस से यहां किस किस के घर चल रहे हैं श्रीमान

जब वार्ड वाली दावेदार ने लगाई गुहार तो बड़े नेता ने दिया फटकार

एक तो मिनी सासंद का वैसे ही मूड खिन्न है और कुछ वो पहले से ही बाई बर्थ रूड हैं। अब जुबान तो किसी की रोकी नही जा सकती हैं और जुबान से ही निकले ये अल्फाज है कि वो उनका टिकट हो जाने से बहुत ही नाराज हैं। बोतल से जिन्न बाहर आ गया है और बोतल भी टोटल जीत का दावा आठ प्लस से ही कर रही हैं। इन सबके बीच उनकी टोन तब बदली जब एक फोन आ गया। चुनाव विधानसभा में ही नही होना है चुनाव तो एक वार्ड में भी होना हैं। ऐसे ऐसे और ना जाने कैसे कैसे टिकट मांग रहे हैं। जो कतई कूल होकर स्टे होम थे वो भी अब फूल का टिकट मांग रहे हैं। ऐसी ही एक दावेदार ने पता नही क्या सोच कर मिनी सासंद को फोन मिला दिया। आव ना ताव और रख दी अपनी दावेदारी की बात। पास बैठे लोगो ने जब तेवर देखें तो वो भी केयरफुल हो गये। बताते हैं कि ऐसी जबरदस्त फटकार लगाई और हिन्दी में ये बात समझाई कि दावेदारी करनी है तो संगठन सर्वोपरि हैं और बड़ी बात ये कि तू है कौन।

जो बात थी जुबान जुबान वो क्यों नही पहुंची डाक्टर साहब के कान

डाक्टर साहब का मन पालिटिक्स करने के लिये बेताब हैं और उनके बेताब मन को किसी ने चुनावी ख्वाब दिखा दिये। बता दिया कि आप तो इतने बड़े फेस है कि अखिलेश और राहुल आप के नाम पर ही सहमति देगें। सुना है कि डाक्टर साहब का सियासी फूल कट गया है। डॉली की घोषणा के बाद फूल वालों के सामने चुनाव लड़ने की डाली कट गई। कहने वाले ने कहा कि डाक्टर साहब तो कान के ही कर्णधार हैं और समझ नही आया कि जो बात सियासत में जुबान जुबान पर थी वो बात डाक्टर साहब के कान तक क्यों नही पहुंची। ये चुनावी सलाहकार आपका फूल बना रहे हैं ये बात शायद डाक्टर साहब को अब समझ में आ गई होगी। चलो इस चुनाव से ये सबक तो सीखेगें।

16 गांवों के लोग अब नहीं करेंगे लोकसभा चुनाव का बहिष्कार

महापंचायत में विधायक ने त्रिपक्षीय वार्ता कराने का दिया आश्वासन

मुरादनगर करंट क्राइम। जनपद गाजियाबाद शहर का कूड़ा डालने के विरोध में गांव भिक्कनपुर में महापंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में विधायक अजीतपाल त्यागी के बाद आंदोलन स्थागित कर दिया और जल्द ही नगर निगम के अधिकारियों के साथ वार्ता कराई जाएगी। गाजियाबाद शहर का कूड़ा पाइपलाइन मार्ग पर गांव भिक्कनपुर के पास डाला जा रहा है और अब कूडे.का पहाड़ बन चुका है। कूडे.का पहाड़ हटाने को लेकर 16 गांवों के ग्रामीणों ने 14 दिन पर पदयात्रा की और जन जागरण अभियान चलाया। ग्रामीण लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की बात कह रहे थे। पाइपलाइन मार्ग पर गांव भिक्कनपुर के पास रविवार को एक महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें 16 गांवों के

सैकड़ों महिलाओं व लोगों ने भाग लिया। पंचायत की अध्यक्षता डॉ. राजेन्द्र कलकल फौजी व संचालन सलेक भईया ,कृष्ण देव आर्य ने किया। पंचायत में दोपहर दो बजे के आसपास विधायक अजीतपाल त्यागी व भाजपा महानगर अध्यक्ष संजवी शर्मा पहुंचे। विधायक ने ग्रामीणों से कहा कि वह लोकसभा चुनाव का बहिष्कार ना करे,बल्कि इस मसले को बातचीत के जरिए हल करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होने कहा कि जल्द ही नगर निगम के अधिकारी व ग्रामीणों के बीच एक वार्ता कराई जाएगी। कूड़े के पहाड़ को जल्द हटवाया जाएगा। विधायक द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने एक घंटे तक इस पर विचार किया। सलेक भईया ने बताया कि पंचायत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विधायक द्वारा जल्द त्रिपक्षीय वार्ता कराए जाने का आश्वासन दिया गया है। यदि वार्ता सफल नहीं हुई तो फिर से आंदोलन किया जाएगा। अब ग्रामीण लोकसभा चुनाव का बहिष्कार नहीं करेंगे। इस मौके पर आजाद प्रमुख ,आकाश प्रधान ,दक्ष नागर ,सुनील प्रधान,राधेश्याम त्यागी ,के.के त्यागी ,राजेन्द्र चौधरी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

छात्रा के साथ छेड़छाड़, आरोपी को लोगों ने पकड़कर धुना

- छात्रा के माता पिता को हिरासत में , नाराज लोगों ने थाने पर किया हंगामा

मुरादनगर करंट क्राइम। नगर क्षेत्र की एक कॉलोनी में घर में घुसकर 15 वर्षीय कक्षा दस की छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। कॉलोनी के लोगों ने आरोपी को पकड़कर उसकी जमकर धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस द्वारा छात्रा के माता पिता को हिरासत में लिए जाने से नाराज कॉलोनी के लोगों ने थाने में जमकर हंगामा किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। नगर की एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति परिवार सहित रहते है। उनकी 15 वर्षीय पुत्री कक्षा दस की छात्रा है। रविवार दोपहर बारह बजे के आसपास छात्रा अपने घर के पास ही टहल रही थी। आरोप है कि इसी बीच एक युवक आया और छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने लगा। इसी बीच छात्रा ने शोर मचा दिया। शोर सुन आसपास के लोग एकत्र हो गए और छेड़छाड़ करके भाग रहे आरोपी को पकड़ लिया गया और उसकी जमकर धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी को इतना पीटा गया कि वह गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने छात्रा के माता पिता को हिरासत में लिया। जब इस बात का पता कॉलोनी के लोगों को चला तो वह एकत्र होकर थाने पहुंचे और जमकर हंगामा किया। लोगों का आरोप है कि पुलिस जान बुझकर आरोपी को बचाने का प्रयास कर रही है। हंगामा बढ़ता देखकर पुलिस ने हिरासत में लिए गए दंपति को छोड़ दिया। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी भी नाबालिग है और उसे हिरासत में ले लिया गया है।

एमपी कुंवर दानिश अली समेत 300 लोगों पर एफआईआर

हापुड़। गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली पुलिस ने गठबंधन प्रत्याशी व सांसद कुंवर दानिश अली, सपा और कांग्रेस के जिलाध्यक्ष समेत करीब 300 लोगों के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने उड़न दस्ता प्रभारी की तहरीर पर मामला दर्ज किया है। आरोप है कि बिना अनुमति के एक होटल में परिचय सम्मेलन किया जा रहा था। जिसको लेकर यह कार्रवाई की गई है। निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश का पालन कराने के लिए उड़न दस्ता प्रभारी प्रमोद कुमार टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि कुछ लोग हाईवे किनारे स्थित एक होटल पर बिना अनुमति के परिचय सम्मेलन कर रहे हैं। इस मामले जानकारी मिलने पर वह मौके पर पहुंचे। गढ़मुक्तेश्वर -अमरोहा लोकसभा सीट पर कांग्रेस-सपा गठबंधन के प्रत्याशी कुंवर दानिश अली, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिथुन त्यागी, सपा जिलाध्यक्ष बबलू भाटी, आप नेता नरेंद्र सोलंकी, राहत अली, शहजाद, रिजवान अली समेत करीब 300 लोग एक कमरे में परिचय सम्मेलन कर रहे है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, हरनन्दी महानगर ने कराया समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, हरनन्दी महानगर द्वारा इन्दिरापुरम स्थित ग्रैंड पियाजा में एक वृहद समूहगान प्रतियोगिता स्वरांजलि का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। कुल 15 नगरों के टीम के 300 गीत साधक स्वयंसेवक इस प्रतियोगिता में सहभागी हुए। संघ की शाखाओं में नित्य प्रति गाये जाने वाले देशभक्ति के गीतों पर आधारित इस कार्यक्रम में लगभग 1500 श्रोता मौजूद रहे। जिसमें स्वयंसेवकों के साथ-साथ समाज के बन्धु और मातृ शक्ति भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का प्रारम्भ उत्तर प्रदेश पश्चिम क्षेत्र कार्यवाह प्रमोद जी एवं गाजियाबाद विभाग संघचालक कैलाश एवं महानगर संघचालक प्रदीप ने भारत माता के चित्र के आगे दीप प्रज्ज्वलन करके किया। महानगर कार्यवाह आशीष ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की एवं महानगर सह कार्यवाह शिवकुमार ने मंच परिचय कराया। प्रतियोगिता का आरम्भ ॐ

नगर की प्रस्तुति पूर्ण विजय संकल्प हमारा के साथ प्रतियोगिता आरंभ हुई। इन्दिरापुरम के कार्यकताओं द्वारा प्रस्तुत गीत 'हम विजय की ओर बढ़ते जा रहे' ने स्वरांजलि कार्यक्रम के मुख भाव विजय का प्रगटीकरण किया, वहीं 'देश जागे देश जागे मंत्र सब गुंजा रहे हैं' गीत को श्रोताओं ने खूब सराहा, वही इसके बाद शिव नगर के नन्हे स्वयंसेवकों द्वारा 'ये शहीदों की जय हिंद बोलीह्न गीत प्रस्तुत किया गया। महाराणा प्रताप नगर द्वारा प्रस्तुत गीत 'रक्त शिराओं में राणा काह्न ने वातावरण हर्षित कर दिया। वहीं धर्मराज नगर के स्वयंसेवकों ने समरसता से परिपूर्ण गीत 'एकता स्वतंत्रता समानता रहे' प्रस्तुत करके श्रोताओं को आनंदित कर दिया। कार्यक्रम के मध्य में महानगर के घोष दल द्वारा ज्योस्तुते रचना बजाकर वातावरण आनन्दमय कर दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्र कार्यवाह प्रमोद ने कहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व्यक्ति निर्माण की कार्यशाला है ऐसे निर्मित व्यक्ति, समाज का निर्माण करते हैं और समाज के निर्माण से परिवर्तन सम्भव होता है। संघ प्रमुख रूप से पांच विषयों पर काम कर रहा है। परिवार व्यवस्था, सामाजिक समरसता, स्वदेशी उत्थान, पर्यावरण संरक्षण एवं सामान्य नागरिक बोध। निर्णायक मंडल में विभाग कार्यवाह देवेंद्र, बौद्धिक शिक्षण प्रमुख चन्द्रभानु, अचिरतोष एवं मक्खन लाल रहें। संघ की प्रार्थना 'नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमि' के उपरान्त विजयी नगरों को वैजयंती प्रदान की गई। उपरांत सभी 1500 लोगों ने सामूहिक भोजन किया। अधिकारी परिचय महानगर बौद्धिक प्रमुख उमाशंकर ने दिया एवं मंच संचालन महानगर सह बौद्धिक प्रमुख अभिषेक के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य सुशील, प्रांत संपर्क प्रमुख विजय, विभाग प्रचारक रोहित, प्रचार प्रमुख अखिलेश, कार्यकारिणी सदस्य यतेन्द्र, महानगर सह संघचालक जितेंद, प्रचारक ललित शंकर, सह कार्यवाह अमरदीप, पंकज, निशांत, राजकुमार, अविनाश आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाए: जगद्गुरु अविमुक्तेश्वरआनंद सरस्वती

गाजियाबाद करंट क्राइम। ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वर आनंद सरस्वती महाराज के 14 दिवसीय पदयात्रा गोवर्धन मथुरा से नई दिल्ली संसद भवन तक पूर्ण होने के उपरांत संसद भवन नई दिल्ली में जहां 7 नवंबर1966 के गोभक्त बलिदानी साधु संतों की याद में उनको पुष्पांजलि अर्पित की गई। उसके बाद करोल बाग स्थित स्थान पर एक विशाल प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई। जिसमें

जगद्गुरु शंकराचार्य ने बताया कि जल्द ही देश में लोकसभा के चुनाव होने वाले हैं और सभी सनातनियों को केवल भाई पार्टी को ही वोट देने का आह्वान किया। भाई पार्टी वह है जिन्होंने लिखकर शपथ पत्र शंकराचार्य को दिया कि यदि हम सत्ता में आए यह हमारे प्रत्याशी जीते तो हम गौ रक्षा के मुद्दे पर बहुत जल्द केंद्रीय कानून बनवाएंगे। इस अवसर पर (साध्वी महंत कैलाश गिरी महाराज जूना अखाड़ा गोरक्षा समिति राष्ट्रीय मंत्री यूनाइटेड हिंदू फ्रंट उत्तर प्रदेश अध्यक्ष) व जयप्रकाश सनातनी राष्ट्रीय महामंत्री वह महेश आहूजा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अपने समर्थन के साथ उपस्थित रहे। शंकराचार्य जी महाराज का यात्रा पूर्ण होने पर स्वागत किया।

चुनावी सीजन में भी थाना पुलिस को चैलेंज दे रही है क्राइम ब्रांच

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में क्राइम को अपने ही अंदाज में कंट्रोल करने का काम चल रहा है। इसी के चलते क्राइम ब्रांच की टीआरपी इन दिनों हाई चल रही है। स्वाट वाली टीम नई ड्रेस कोड के साथ लगातार नए नए मामलों के खुलासे करने के साथ ही चुनावी सीजन में जो काम थाना पुलिस को करना चाहिए उसको अंजाम दे रही है। इलाकों से शराब तस्करों की कमर तोड़ने का काम हो या मादक पदार्थों को टारगेट करते हुए नकेल कसी जा रही हो उसमें क्राइम ब्रांच पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में सबसे आगे चल रही है। वहीं क्राइम ब्रांच की टीम ने चुनावी सीजन के दौरान तमंचे और पिस्टल की सप्लाई करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करके बताया है कि उनका नेटवर्क और नेटवर्किंग सबसे मजबूत है। देश की सबसे प्रमुख नमो ट्रेन के माल को चोरी करने का खुलासा हो या मादक पदार्थों की कई राज्यों से जुड़ी खेप की सप्लाई की कमर तोड़ना। वहीं बीते साल हुई गाजियाबाद में हुई डेढ़ करोड़ रुपए की लूट में सफलता हासिल करना हो या थानों में होने वाले क्राइम पर खुलासा इस टीम में क्राइम टीम भारी चल रही है। बीते दिनों सिटी, देहात और ट्रांस हिंडन की टीम को चैलैंज देते हुए क्राइम ब्रांच स्वाट की टीम फिर 21 साबित हो रही है। यहां के प्रभारी थ्री-स्टार लगातार अपनी टीम के साथ तालमेल बैठे हुए बड़े खुलासे कर रहे हैं। तो वह मीडिया की भी सुर्खियां में छाए रहते हैं। भले यहां के एडीसीपी साहब चुनावी और वीआईपी प्रोटोकॉल में लग जाते हों लेकिन उनका पूरा स्टाफ लगातार क्राइम पर काम करता है और सफलता भी हासिल करता है। बड़े मामले में क्राइम वाली टीम का रिजल्ट हाई चल रहा है। कुल मिलाकर कहा जाए तो चुनावी सीन में भी थाना पुलिस को चैलैज देने का काम गाजियाबाद क्राइम ब्रांच स्वॉट की टीम कर रही है। यहां के प्रभारी की वर्किंग की चर्चाएं उस प्रमुख ऑफिस में भी रहती है जहां कमिश्नरेट के आधे कोतवाल अपनी ना तो बात रख पाते हैं ना बात हो पाती है। कुल मिलाकर अभी चुनाव में लगभग 25 दिन शेष हैं और इस 25 दिन में क्राइम ब्रांच ऐसे ही धुआंधार ढंग से काम को अंजाम देती रही तो थानों के प्रभारियों की मुश्किलें आने वाले दिनों में और चुनौतीपूर्ण होने वाली है।

राणा प्रताप हा. सै. स्कूल में आर्ट ऑफ लिविंग का आयोजन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। राणा प्रताप हा. सै. स्कूल में आर्ट ऑफ लिविंग के इन्टरनेशनल टीचर ऋषि गुरू शरणम् के द्वारा ध्यानकक्ष का उद्घाटन किया गया साथ ही यह कोर्स शुरू हुआ। यह चार दिन का प्रोग्राम था। इसमें स्कूल के अध्यापक और अध्यापिकाओं और कुछ अन्य सम्मानित लोग भी इस आयोजन में हिस्सा लिया। लगभग 40 लोगों ने हिस्सा लिया। इसको करवाने के लिए ऋषि गुरू शरणम् आये। जो आर्ट ऑफ लिविंग के इन्टरनेशनल गुरू है। सबसे पहले विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. पूनम शिशौदिया ने ऋषि जी का स्वागत किया और फिर ऋषि जी ने सबको जीवन से सम्बन्धित जानकारी दी और जीवन का उद्देश्य क्या है, हमें जीवन से क्या चाहिए, व्यक्ति को चिन्ता क्यों होती है चिन्ता का कारण क्या है? ऋषि जी के अतिरिक्त राजीव जी आर्ट ऑफ लिविंग के अध्यापक , तपस की डायरेक्टर दीपा मित्तल, प्रिया, अरूण एवं प्रभव थे जिन्होने योगा क्रियाओं को सही करने में लोगों की बहुत मदद की।

मेडिटेशन (ध्यान) एक क्रिया है जिसमें व्यक्ति अपने मन को चेतना की एक विशेष अवस्था में लाने की एक विशेष अवस्था में लाने का प्रयत्न करता है ध्यान का उद्देश्य कोई लाभ प्राप्त करना हो सकता है या ध्यान करना अपने-आप में एक लक्ष्य हो सकता है। ध्यान अनेकों प्रकार की क्रिया का बोध होता है। इसमे मन को विशान्ति देने की सरल तकनीक से लेकर आंतारिक, ऊर्जा या जीवन शक्ति का निर्माण तथा करूणा, प्रेम, धैर्य, उदारता, क्षमा आदि गुणों का विकास आदि सब समाहित है। ऋषि जी द्वारा सुदर्शन क्रिया करवायी। ऋषि जी ने बताया 484 से ज्यादा देश इस क्रिया को करते है। इस कार्यक्रम का समापन वेव सिटी में जहाँ सुदर्शन उत्सव मनाया जायेगा और इसके अतिरिक्त राणा प्रताप हा० सै0 स्कूल के ध्यानकक्ष के सोहम में प्रत्येक रविवार को सुदर्शन क्रिया होगी।

ग्राम प्रधान और वार्ड के सभासद से सांसद तक एक टीम वर्क है : अतुल गर्ग

मुरादनगर करंट क्राइम। भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल के तत्वाधान में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी एवं सदर विधायक अतुल गर्ग से कार्यकर्त्ता परिचय सम्मलेन का आयोजन किया गया ' जिसमे भाजपा नेताओं ने एक सुर में नारा दिया अब की बार भाजपा सरकार 400 पार। गाजियाबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व सदर विधायक अतुल गर्ग ने अपने सम्बोधन में कहा कि जीडीए की महायोजना के अंतर्गत मुरादनगर क्षेत्र का चहुमुखी विकास कराया जायगा, उन्होंने कहा कि जीडीए के पास भूमि नहीं है, इसीलिए जीडीए की योजनाओं को लागू करने के लिए मुरादनगर क्षेत्र के किसानो की भूमि का अधिग्रहण किया जायगा और किसानो उनकी भूमि का लाभकारी मूल्य दिया जायगा। अतुल गर्ग ने कहा कि ग्राम प्रधान और वार्ड के सभासद से सांसद तक एक टीम वर्क है और यदि क्षेत्र विधायक ,सांसद ,ब्लॉक प्रमुख में आपसी

सामंज्यस है तो क्षेत्र का ज्यादा विकास होगा। अतुल गर्ग ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्त्ता अपने आप को अतुल गर्ग मानकर लोगो से वोट मांगे। क्षेत्रीय विधायक अजीत पाल त्यागी ने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत वर्ष को एक विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है, इसीलिए इस बार प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में तीसरी बार भाजपा सरकार बनेगी और लोकसभा की 400 सीट जीतेगी। विधायक अजीतपाल त्यागी ने कहा कि मुरादनगर विधान सभा क्षेत्र से अतुल गर्ग को 15 लाख से अधिक मतों से जीतकर संसद भेजेंगे। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि आगामी 3 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग अपना नामांकन भरेंगे ' इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अतुल गर्ग के समर्थन में विशाल जन सभा को सम्बोधित करेंगे। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. केशव त्यागी ,मनोज शर्मा ,गोपाल अग्रवाल ,अरविन्द भारतीय ,पप्पू पहलवान ,राकेश गोयल ,पंकज गर्ग ,अनिल शर्मा,विजय गौड़ ,अमरीश गोयल सहित अनेक कार्यकर्त्ता उपस्थित थे। नगर मंडल अध्यक्ष नितिन गोयल ने आये हुए पार्टी कार्यकताओं का आभार प्रकट किया।

बाल्टीमोर हादसा : पांच दिन बाद भी जहाज में मौजूद 20 भारतीय

सबसे पहले मलबे के टुकड़े हटाने की योजना बनाई गई

न्यूयॉर्क। अमेरिकी शहर बाल्टीमोर में डाली नाम का मालवाहक जहाज ह्याफ्रांसिस स्कॉट कीह्न पुल से टकरा गया था। इसके बाद पुल पूरी तरह से ढह गया था। इस हादसे को पांच दिन बीत चुके हैं लेकिन जहाज के चालक दल के 20 भारतीय सदस्य अभी भी जहाज पर ही मौजूद हैं।

जहाज में क्या कर रहे हैं 20 भारतीय?

एक रिपोर्ट के अनुसार जब तक पुल के क्षतिग्रस्त टुकड़ों को साफ नहीं कर दिया जाता, तब तक चालक दल के सदस्य वहीं रहेंगे। इसके साथ ही वे सभी लोग जहाज की देखभाल भी करेंगे। मैरीलैंड के गवर्नर ने बताया कि अधिकारियों द्वारा सबसे पहले मलबे के टुकड़े हटाने की योजना बनाई गई है। उधर अमेरिका के विदेश मंत्रालय द्वारा बताया गया है कि हादसे के बाद भारतीय चालक दल के एक सदस्य को अस्पताल ले जाया गया था। अब वह जहाज पर लौट आया है। बताया गया है कि चालक दल के सदस्यों को पर्याप्त मात्रा भोजन और पानी की आपूर्ति हो रही है। इसके अलावा जनरेटर को चालू रखने के लिए पर्याप्त ईंधन भी मौजूद है।

कब लौटेंगे 20 भारतीय ?

डाली जहाज की प्रबंधन कंपनी सिनर्जी मरीन के साथ काम करने वाले एक अधिकारी का कहना है कि अभी यह नहीं कह सकते कि मलबे को कब तक हटाया जाएगा।

जब तक राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) और कोस्ट गार्ड द्वारा पूरी जांच नहीं की जाती, तब तक चालक दल को नहीं भेजा जा सकता।

अधिकारियों ने की भारतीय चालक दल की तारीफ

वहां मौजूद अधिकारियों द्वारा भारतीय चालक दल की तारीफ की गई है। चालक दल द्वारा हादसे से पहले ही स्थानीय अधिकारियों को संदेश भेजे गए थे। इस वजह से तुरंत ही यातायात को रोकने में मदद मिली थी। बता दें कि इस हादसे में पुल पर गड्ढों की मरम्मत कर रहे छह लोगों की मौत हो गई थी।
विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने बताया है कि चालक दल के 21 सदस्य हैं, जिनमें से 20 भारतीय हैं। सभी सुरक्षित हैं और सभी का स्वास्थ्य ठीक है

राष्ट्रपति की टीम का भड़का गुस्सा

ट्रंप ने हाथ-पैर बंधे बाइडन की तस्वीर की साझा

वाशिंगटन। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को राष्ट्रपति जो बाइडन से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया था। इस वीडियो में एक ट्रक गुजरता दिख रहा है, जिसके पीछे बाइडन की एक तस्वीर लगी है। अब इस वीडियो को साझा करने के लिए ट्रंप की भारी आलोचना हो रही है। दरअसल, वीडियो में दिखाई गई तस्वीर में हाथ-पैर बंधे हुए राष्ट्रपति बाइडन दिखाए गए है।

यह वीडियो गुरुवार को न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड में बनाया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो पर बाइडन के प्रचार अभियान का गुस्सा भड़क गया है। उन्होंने मौजूदा डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति को शारीरिक नुकसान पहुंचाने का सुझाव देने वाले वीडियो की निंदा की है।

ट्रंप हिंसा को बढ़ावा दे रहे

बाइडन के प्रचार अभियान के संचार निदेशक माइकल टायलर ने कहा, 'ट्रंप लगातार राजनीतिक हिंसा को भड़का रहे हैं। अब समय आ गया है कि लोग उन्हें गंभीरता से लें। कैपिटल पुलिस के अधिकारियों से पूछें कि छह जनवरी को हुई हिंसा के पीछे किसका हाथ था।'

पूर्व राष्ट्रपति की टीम का जवाब

इस पर रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप के अभियान के प्रवक्ता स्टीवन चेउंग ने जवाब दिया, 'वीडियो एक पिकअप ट्रक का है, जो राजमार्ग से गुजर रहा था। डेमोक्रेट और पागल लोगों ने न केवल राष्ट्रपति ट्रंप और उनके परिवार के खिलाफ घृणित हिंसा का आह्वान किया बल्कि वास्तव में उनके खिलाफ न्याय प्रणाली को हथियार बना रहे हैं।'

इमरान खान के 51 समर्थकों को पांच साल की सजा

10000 का जुर्माना भी लगाया गया

लाहौर। बीचे साल नौ मई को हुई हिंसा के मामले में आतंकवाद निरोधी अदालत (एटीसी) ने बड़ा फैसला सुनाया है। प्रमुख सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करने में शामिल होने के लिए दो मामलों में पाकिस्तान की एटीसी अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के 51 समर्थकों को पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। 9 मई को हुए दंगों के संबंध में पीटीआई नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों के खिलाफ दर्ज मामलों में यह पहली सजा है।

एटीसी जज नताशा नसीम ने हिंसा के मामले में सजा का एलान किया। उन्होंने जेल के बाहर कड़ी सुरक्षा के बीच सेंट्रल जेल, गुजरांवाला में कार्यवाही की और फैसला सुनाया। दोषियों में पीटीआई विधायक कलीमुल्लाह खान भी शामिल हैं। अदालत के एक अधिकारी ने बताया कि जेल की सजा के साथ ही सभी पर 10,000 पाकिस्तानी रुपये का जुमार्ना भी लगाया। गौरतलब है कि पिछले साल मई में खान के पीटीआई समर्थकों ने भ्रष्टाचार के मामले में अपनी पार्टी के संस्थापक की गिरफ्तारी के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर करने के लिए रावलपिंडी में सेना मुख्यालय और फैसलाबाद में आईएसआई भवन सहित कई सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला किया था।

दरअसल, 9 मई, 2023 को भ्रष्टाचार एक मामले में इमरान खान को गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद देश भर में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे।

आसिफ अली जरदारी ने शरीफ का तोड़ा रिकॉर्ड

एक ही परिवार में हुए छह सांसद

बेटी को पहली बार मिलेगा फर्स्ट लेडी का दर्जा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की राजनीति काफी दिलचस्प बनी हुई है। कभी चुनाव में धांधली के आरोप तो कभी दो पार्टियों का गठबंधन कर लेना। इन सबके बीच राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के परिवार ने एक नया रिकॉर्ड बना लिया है। दरअसल, आसिफ अली और दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की सबसे छोटी बेटी आसिफा को निर्विरोध संसद सदस्य चुने जाने के बाद जरदारी ने शरीफ को पीछे छोड़ते हुए पाकिस्तान की राजनीति में एक परिवार से सबसे अधिक सांसद होने का रिकॉर्ड कायम किया है।

कहा जा रहा है कि बेनजीर भुट्टो की बेटी आसिफा भुट्टो देश की प्रथम महिला की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। यह पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार है कि किसी स्थायी राष्ट्रपति की पत्नी को नहीं, बल्कि बेटी को यह औपचारिक उपाधि दी जाएगी। 31 साल की आसिफा भुट्टो पाकिस्तान की पहली महिला प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो और देश के एकमात्र दो बार राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की सबसे छोटी बेटी हैं। पिछले दशक में आसिफा ने प्रभावशाली भुट्टो-जरदारी परिवार में राजनीतिक सफलता की कई सीढ़ियां चढ़ी हैं। वह राष्ट्रपति जरदारी और अपने भाई बिलावल भुट्टो के बाद परिवार की तीसरी सबसे प्रभावशाली राजनीतिक चेहरा हैं।

आसिफा ने उपचुनाव के लिए सिंध प्रांत के शहीद बेनजीराबाद (पूर्व में नवाबशाह) इलाके से नेशनल असेंबली सीट एनए-207 के लिए नामांकन पत्र भरा था।

गुणवर्धने का चीन दौरा खत्म, कर्ज का बोझ कम करने का जिनपिंग ने किया वादा

बीजिंग। नकदी संकट से जूझ रहे श्रीलंका की आर्थिक कठिनाईयों को दूर करने के लिए श्रीलंकाई प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने चीन यात्रा पर थे, जो आज पूरी हो गई है। इस दौरान श्रीलंका ने शनिवार को एक संयुक्त बयान में कहा गया कि चीन श्रीलंका की वित्तीय कठिनाईयों को कम करने और ऋण स्थिरता हासिल करने के अपने प्रयास में सकारात्मक भूमिका निभाएगा, जबकि श्रीलंका बीआरआई सहयोग परियोचना के निर्माण में तेजी लाएगा।

दिनेश गुणवर्धने ने की थी राष्ट्रपति जिनपिंग से मुलाकात

श्रीलंका के प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने ने चीन की अपनी आधिकारिक सप्ताह भर की यात्रा पूरी की। संयुक्त बयान में एशिया वार्षिक सम्मेलन के लिए बोआओ फोरम में भाग लेने के अलावा चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री ली कियांग के साथ उनकी बातचीत के दौरान चर्चा किए गए समझौतों की मुख्य बातें सामने आईं।

बेल्ट एंड रोड सहयोग में तेजी लाने पर जोर : दिनेश गुणवर्धने की यात्रा के दौरान दोनों देश बेल्ट एंड रोड सहयोग को गहरा करने, बेल्ट एंड रोड सहयोग योजना के निर्माण में तेजी लाने और कोलंबो पोर्ट सिटी परियोजना और एकीकृत विकास परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए। संयुक्त बयान में कहा गया है कि हंबनटोटा बंदरगाह दोनों देशों के बीच बेल्ट और रोड सहयोग की हस्ताक्षर परियोजना है।

गौरतलब है कि बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) चीन की महत्वाकांक्षी बहु देशीय विविध बुनियादी ढांचा परियोजना है।

न्यायाधीश की बेटी पर पोस्ट कर फंसे ट्रंप

वाशिंगटन। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। वह कई मुकदमे में अदालतों के चक्कर काट रहे हैं। इस बार हश-मनी मामले में डोनॉल्ड ट्रंप मुश्किल में पड़ते नजर आ रहे हैं। दरअसल, मैनहट्टन अभियोजकों ने शुक्रवार को सुझाव दिया कि ट्रंप ने हाल ही में न्यायाधीश की बेटी पर हमला करके और सोशल मीडिया पर उसके बारे में झूठा दावा करके एक गैग आदेश का उल्लंघन किया हैं।

न्यायाधीश जुआन एम. मर्चन ने मंगलवार को जांच का एक आदेश जारी किया था। साथ ही पूर्व राष्ट्रपति को अदालत से जुड़े कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों पर हमलों से तुरंत बचने का निर्देश दिया गया था। अब मैनहट्टन जिला अटॉर्नी के कार्यालय ने गैग आदेश के दायरे को स्पष्ट करने के लिए कहा है।

सीडीएफ के तहत पहले भारतीय मूल के किशोर का हुआ कैंसर का इलाज

● युवान बोला- थेरेपी ने बदल दी किस्मत

लंदन। ब्रिटेन की राज्य वित्त पोषित राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा द्वारा स्थापित कैंसर ड्रग्स फंड की बदौलत मिले उपचार के बाद कैंसर से पीड़ित भारतीय मूल के किशोर युवान ठक्कर ने कहा कि अब वह उन चीजों का आनंद ले पा रहे हैं, जो उन्हें पसंद है। गौरतलब है कि इस व्यवस्था से हजारों रोगियों के लिए नवीन उपचारों को सुलभ बनाना।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) ने इस सप्ताह के अंत में कैंसर ड्रग्स फंड (सीडीएफ) की मदद से नवीनतम और सबसे नवीन उपचारों तक शीघ्र पहुंच से 100,000 रोगियों को लाभान्वित करने का एक मील का पत्थर साबित हुआ है। इसके तहत इलाज करा चुके युवान ठक्कर ने कहा कि सीएआर टी थेरेपी मिलने के बाद से मेरा जीवन पूरी तरह से बदल गया है। भारतीय मूल के किशोर ने लंदन में ग्रेट ऑरमंड स्ट्रीट हॉस्पिटल (जीओएसएच) को अविश्वसनीय देखभाल के लिए धन्यवाद दिया।

कैंसर के कारण मैं खेल नहीं पाता था- ठक्कर : युवान ठक्कर ने कहा कि मुझे याद है इस बीमारी के लिए मुझे कई बार अस्पताल के चक्कर लगाने पड़े, जिसके कारण मैं स्कूल भी नहीं जा पाता था। हालांकि इस थेरेपी ने मेरी जिंदगी पूरी तरह से बदल दी है। जिसके बाद से मेरा जीवन पूरी तरह से बदल दिया है। अब मैं दोस्तों से मिल सकता हूं, उनके साथ खेल सकता हूं और मैं अपने परिवार के साथ छुट्टियों पर जा सकता हूं। पहले इस सब की कल्पना करना मेरे लिए बेहद कठिन था।

परिवार को जीवन में दूसरा मौका मिला- सपना : युवान की मां सपना ने अपने बच्चे के सफल इलाज पर कहा कि इलाज की सफलता के बाद परिवार को जीवन में दूसरा मौका मिला है। कैंसर ड्रग्स फंड (सीडीएफ) के माध्यम से उपलब्ध फास्ट-ट्रैक पहुंच के बिना सपना ने कहा कि उनके बेटे के लिए जीवन रक्षक उपचार प्राप्त करने का कोई अन्य तरीका नहीं हो सकता है।

छह साल की उम्र में ल्यूकेमिया से पीड़ित युवान ठक्कर को एक उपचार मिला, जो कैंसर कोशिकाओं को पहचानने और उन पर हमला करने के लिए एक व्यक्ति की प्रतिरक्षा कोशिकाओं को संशोधित करता है।

भारत सीमा से सटे नए गांवों में ड्रैगन की नई चाल

बाज नहीं आ रहा चीन: तिब्बत पर कब्जे की मनाई 65वीं वर्षगांठ

बीजिंग। चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। भारत की सीमा पर बसाए गए नए गांव में तिब्बत पर कब्जे की 65वीं वर्षगांठ का जश्न चीन ने मनाया है। गौरतलब है कि चीन भारत से सटी सीमाओं पर कई गांवों का निर्माण कर रहा है, जिसकी आड़ में चीन सैनिकों को क्षेत्र में बड़ी संख्या में तैनात किया जा रहा है। चीन ने तिब्बत को जिजैंग नाम दिया है। चीनी सैनिकों ने 1951 में तिब्बत पर कब्जा किया था।

सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने पिछले गुरुवार को लोकतांत्रिक सुधार की 65वीं वर्षगांठ मनाई गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, पूरे क्षेत्र में कई भव्य समारोह और स्मारक गतिविधियां आयोजित की गईं है। इस दौरान भारत और भूटान की सीमा पर बने नए सीमावर्ती गांवों का जिक्र भी किया है।

चीन लगातार भारत-भूटान सीमा पर बसा रहा नए गांव : पिछले महीने हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, स्थानीय लोगों और सैनिकों को समायोजित करने के लिए नई इमारतों वाले तीन गांवों का निर्माण भूटान के साथ विवादित सीमा पर किया गया था। पोस्ट की रिपोर्ट में कहा गया है कि गांव बेहतर रहने की स्थिति प्रदान करने के लिए चीन की राज्य के नेतृत्व वाली गरीबी उन्मूलन योजना का हिस्सा थे।

न्यायपालिका में खुफिया एजेंसियों के हस्तक्षेप पर जांच आयोग को मंजूरी

● आर्थिक संकट पर भी बोले शहबाज

इस्लामाबाद। न्यायपालिका के काम में खुफिया एजेंसियों के हस्तक्षेप के आरोपों की जांच के लिए पाकिस्तान की कैबिनेट ने आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश के नेतृत्व में एक जांच आयोग का गठन किया जाएगा। पूर्व मुख्य न्यायाधीश तस्सदुक हुसैन जिलानी की अध्यक्षता वाला आयोग एक पत्र के जरिए न्यायाधीशों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच करेगा और 60 दिनों में अपनी रिपोर्ट देगा।

26 मार्च को न्यायाधीशों ने लिखा था पत्र : इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मोहसिन अख्तर कियानी, न्यायमूर्ति तारिक महमूद जहांगीरी, न्यायमूर्ति बाबर सत्तार, न्यायमूर्ति सरदार इजाज इशाक खान, न्यायमूर्ति अरबाब मुहम्मद ताहिर और न्यायमूर्ति समन फफत इम्तियाज ने 26 मार्च को सर्वोच्च न्यायिक परिषद को पत्र भेजा था। जिसमें न्यायिक मामलों में खुफिया एजेंसियों के कथित हस्तक्षेप पर एक न्यायिक सम्मेलन बुलाने का आग्रह कर रहा है।

भारतवंशी राष्ट्रपति ने बंद की पश्चिम की बोलती

जॉर्जटाउन। गुयाना के भारतवंशी राष्ट्रपति इरफान अली ने पर्यावरण संरक्षण पर पश्चिम के पाखंड को लेकर जोरदार प्रहार किया है। बीबीसी को दिए साक्षात्कार में अली ने कहा कि गुयाना जैसे देश तेल-गैस खनन करते हैं, तो इससे पर्यावरण का विनाश होता है, जबकि पश्चिम के इसी काम को विकास कहा जाता है। इस पाखंड को अब बंद करना चाहिए। बीबीसी के पत्रकार स्टीफन सैकुर ने साक्षात्कार के दौरान भारतवंशी अली से गुयाना के तटीय क्षेत्र में तेल और गैस खनन की योजना को लेकर सवाल किया कि इससे करीब 200 करोड़ टन कार्बन उत्सर्जन होगा। अली ने फटकार लगाते हुए कहा कि वे इस मुद्दे पर उन्हें उपदेश देने का कोई हक नहीं रखते हैं।

एडे शहर में कई लोगों को बनाया गया बंधक

काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने छुड़ाया; एक को किया गिरफ्तार

एडे। नीदरलैंड के एडे में लोगों को बंधक बनाए जाने की घटना सामने आई है। पुलिस को काफी मशक्कत करने के बाद हालात पर काबू पाने में सफलता मिली। डच पुलिस के मुताबिक, एडे में एक क्लब से बाहर निकले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, यहां शनिवार को लोगों को कई घंटों तक बंधक बना लिया गया था। आखिरी बंधक को भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, क्लब से बाहर निकलने वाले व्यक्ति ने बालाक्लावा मास्क पहना था। वह हवा में हाथ उठाकर क्लब से बाहर निकला, जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया।

इससे पहले खबर आई थी कि हथियारों और विस्फोटकों से लैस एक शख्स ने एडे के क्लब में कई लोगों को बंधक बना लिया है। पुलिस ने मामले में आतंकवादी एंगल से इनकार किया था। पुलिस ने बताया था कि उन्होंने इलाके के 150 घरों को खाली करा लिया है और घटनास्थल पर विशेष इकाइयां तैनात की गई हैं। घटनास्थल पर रोबोट, विस्फोटक रोधी इकाइयां और पुलिस देखी गईं।

समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, 'पेटीकोट नाइट क्लब' शहर के बीच में स्थित है। ऐहतियातन एडे से आने-जाने वाली ट्रेनें रद्द कर दी गई थीं। इसके अलावा एडे में सभी दुकानें भी बंद रखने के निर्देश दिए गए थे।

पुलिस ने गिरफ्तारी और अंतिम बंधक को रिहा कराने की पुष्टि तो की लेकिन घटना का पूरा विवरण साझा नहीं किया। जानकारी के मुताबिक, सशस्त्र पुलिस द्वारा हाथ खड़ा कर घुटनों के बल बैठने का आदेश देने से पहले वह व्यक्ति क्लब से बाहर चला गया। बाहर उसे गिरफ्तार करने और हथकड़ी पहनाए जाने के बाद मौके पर मौजूद पुलिस वाहन से उसे ले जाया गया। पुलिस ने एक्स पर कहा, फिलहाल घटना के पीछे आतंकी मंशा के संकेत नहीं मिले हैं।

नीदरलैंड में शरणार्थी समस्या गंभीर

नीदरलैंड में शरणार्थी समस्या काफी गंभीर हो चुकी है। गत वर्ष जुलाई में प्रवासन नीति पर गठबंधन दलों में मतभेदों के बाद डच सरकार तक गिर गई। अनुमान है कि इस वर्ष शरणार्थियों का आंकड़ा और अधिक बढ़ सकता है।

अधिकांश प्रवासी सीरिया, इराक से : नीदरलैंड समेत यूरोपीय देशों में अधिकांश शरणार्थी सीरिया और इराक जैसे देशों से पहुंचे हैं। यह अवैध प्रवासन सामान्य से तीन गुना अधिक है।

जर्मनी पर दबाव, यूरोपीय देश सख्त : जर्मन नगर-पालिकाएं कह रही हैं कि नए लोगों के लिए आवास पर दबाव बढ़ रहा है। ब्रिटेन, फ्रांस, ऑस्ट्रिया व नीदरलैंड भी सख्त उपाय अपना रहे हैं।

निक्की के समर्थकों को लामबंद करने में जुटे राष्ट्रपति बाइडन

वाशिंगटन। अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। इस पद के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक दूसरे को कड़ी टक्कर देते दिखाई दे रहे हैं। दोनों नेताओं के बीच वार-पलटवार का दौर जारी है। इस बीच, जो बाइडन ने एक चुनावी ऐड वीडियो लॉन्च किया है। इसके जरिए भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली के समर्थकों को टारगेट किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बाइडन के चुनाव अभियान में लगे वरिष्ठ सदस्यों ने शुक्रवार को न्यूयॉर्क में राष्ट्रीय वित्त समिति की बैठक के दौरान ये ऐड वीडियो लॉन्च किया। इसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी पोस्ट किया गया है। इस ऐड में रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रंप के चुनाव प्रचार की क्लिप्स को शामिल किया गया है। इसमें ट्रंप 52 वर्षीय हेली को बदनाम कर रहे हैं और पत्रकारों से कह रहे हैं कि उन्हें जीतने के लिए निक्की हेली समर्थकों की जरूरत नहीं है।इस ऐड में ट्रंप को यह कहते हुए दिखाया जा रहा है कि अगर आपने निक्की हेली को वोट दिया है, तो डोनाल्ड ट्रंप आपका वोट नहीं चाहते। अमेरिका को बचाएं। हमसे जुड़ें।

बाइडन के चुनाव प्रचार में लगे लोगों ने बताया कि डिजिटल प्लेटफार्मों पर ऐड के लिए एक मिलियन अमेरिकी डालर से अधिक खर्च किए दा रहा है।

फोन कॉन्फ्रेंस पर हजारों कार्यकर्ताओं से अतुल गर्ग का संवाद

'मेरे टिकट होने पर तुम्हें जितनी हैरानी है, उतनी ही हैरानी मुझे भी'

गाजियाबाद, करंट क्राइम। अपने नामांकन से पूर्व गाजियाबाद भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने आज प्रातः नौ बजे फोन पर कांफ्रेंस द्वारा हजारों कार्यकताओं से वार्ता की। उन्होंने वार्ता के दौरान अपने चिर परिचित लहजे में सभी कार्यकताओं से कहा कि मेरे टिकट होने पर तुम्हें जितनी हैरानी है, उतनी ही हैरानी मुझे भी है। अभी हाल ही में मैं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को इस शुभ अवसर के लिए आभार प्रकट करने गया तब मेने सहज ही उनसे पूछ कि अध्यक्ष जी इतनी बड़ी जिम्मेदारी और इतना बड़ा विश्वास केवल मेरे पर ही क्यों ?

तो यह सुनकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि गाजियाबाद लोकसभा के कार्यकताओं से सर्वे के दौरान आपका नाम की प्राथमिकता ज्यादा मिली। इसीलिए आपको लोकसभा प्रत्याशी के रूप में अवसर दिया गया है।

यह सुनने पर मैंने वहीं से दिल ही दिल सभी देव तुल्य कार्यकताओं का आभार जताया और यह उसी का परिणाम है कि आज मैं कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपने कार्यकताओं का आभार करने और उनसे उनकी मन की बात सुनने के लिए जुड़ा हूं।

उन्होंने कहा कि 8000 कार्यकर्ता मेरे साथ हैं और मैं उनके साथ सीधा जुड़ने का काम करूंगा। उन्होंने कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी कार्यकताओं को जानकारी देते हुए बताया कि 3 अप्रैल को प्रातः 10 बजे नामांकन से पहले रामलीला मैदान, घंटाघर में एक सभा होगी जिसमें केन्द्रीय रक्षा मंत्री व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ सिंह, प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया व अन्य प्रमुख नेताओं का मार्गदर्शन मिलेगा। सभी को सभास्थल पहुंचने के लिए आमंत्रित भी किया। कॉन्फ्रेंस का यह सिलसिला जारी रहेगा।

गोताखोर ढूंढ़ रहे थे नहर में डूबे 13 वर्षीय मासूम को, मिला अज्ञात बुजुर्ग का शव

चौधरी अफसर

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। 13 वर्षीय मासूम के नहर में डूबने से गांव में गम का माहौल देखने को मिला। अफ्फान अपने दोस्तों के साथ घर से नहाने के लिए निकला था। परंतु उसे मालूम नहीं था कि उसकी जिंदगी का ये आखिरी दिन होगा।नहर में नहाने के लिए घर से रेल के पल पर पहुंचा और दोस्तों के साथ नहाने लगा लेकिन पानी का तेज बहाव होने से मासूम अफ्फान बहने लगा और बचाव बचाव चिल्लाने लगा साथी दोस्तों ने बचाने का प्रयास किया। परंतु मासूम डूब गया। मामला गाजियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र गंग नहर लोहे के पुल के पास का है जहां अफ्फान पुत्र हारिश 13 वर्षीय निवासी मोमराज चक्की के पास से मसूरी अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए गंग नहर पर पहुंचा तो नहाते हुए तेज पानी में बह गया और डूब गया। दोस्तों ने बचाने की कोशिश की परंतु तेज बहाव में बह कर डूब गया। जिसको ढूंढने के लिए गांव के ही तैराकों ने ढूंढने की काफी कोशिश की परंतु अफ्फान

का कोई पता नहीं लगा। तैराकियों के ढूंढने पर नहर में ही एक तैरती हुई लाश नजर आई जिसको बाहर निकाला गया तो पता चला कि एक बुजुर्ग है जिसके सर में चोट लगी हुई है। जिसकी सूचना पास के ही थाने में दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना मसूरी पुलिस ने 50 वर्षीय अज्ञात बुजुर्ग का फोटो सोशल मीडिया और व्हाट्सएप ग्रुप में वायरल कर दिया ताकि शव की शिनाख्त हो सके। अगर आपको भी इस फोटो से इस व्यक्ति की पहचान है तो आप भी मसूरी थाना से संपर्क सूचना दे सकते हैं संपर्क- 9643322928।

क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बता रहा ही नादिया पार के इंद्रा जी वाले एरिया की बात ? यहाँ पर माइक हाथ में लेकर गोपाल भैया बना रहे थे गर्ग साहब की बात ? कर रहे थे वो अपने शब्दों में संगठन की ताकत का गुणगान ? कह रहे थे, संगठन वाले आपको पूरी ताकत से चुनाव लड़ायेंगे श्रीमान ? सुना है ये शब्द सुनकर शर्मा एंड कंपनी वाले हो गये हैरान ? उन्होंने बीच में ही गोपाल भैया को टोका ? कहा अब चुनाव की कमान संचालन समिति के हाथ मैं है ? चुनाव के बाद ढूँढना आप संगठन की तारीफ का मौका ?

क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं उस वक़्त हो गया बहुत ज्यादा हैरान ? मौका शहर मंडल की मीटिंग का था ? उसमें बसपा से चुनाव लड़े त्यागी जी पूरी शिद्दत से थे विराजमान ? उनकी उपस्थिति कर रही थी मुझको बहुत ज्यादा हैरान ? भगवा गढ़ के अँगने में आखिर क्या पड़ गया त्यागी जी को काम ? लगता है वो खामोशी से होना चाह रहे है फिर से भाजपाई ? मगर मैं हूँ उनका कट्टर विरोधी ? उनकी ये तमन्ना किसी भी सूरत में पूरी नहीं होने दूँगा भाई ?

क्यों कहा कहने वाले ने कि चुनाव आयोग वाले पोलिटिकल कार्यक्रमों में भले ही ठीक से ना झांके ? हमे अंदर से पता चली है एक बात ? नादिया पार में एक पोलिटिकल मीटिंग में कार्यकताओं में खूब बाँटे गए एक दिन पहले पीले लिफाफे ? सुना है एक लाल बैग के अंदर आया था सारा सामान ? जैसे ही ये लिफाफे पहुँचे कार्यकताओं के पास ? उनके चेहरे पर आ गई चमकीली मुस्कान ? समझने वाले समझदार है ? जो ना समझे उनका क्या किया जा सकता यार है ?

क्यों कहा कहने वाले ने कि ब्रिज के विहार वाली कमिश्नरी में गर्ग साहब का स्वागत कराया यहाँ के भगवा कमिश्नर ने जोरदार ? ज़िम्मेदारी त्यागी जी ने मोहल्ले के मेम्बर चौधरी को देनी थी ? मगर उन्होंने चालीस नंबर वाले को छोड़कर किया पंडित मेम्बर पर एतबार ? पटके, होर्डिंग, बुके का सौंप दिया इसी चेहरे को सारा काम ? त्यागी जी ने इस चेहरे पर कुछ ज्यादा कृपा की है ? या कोई परीक्षा लेने का बनाया हुआ था उन्होंने प्रोग्राम ? मण्डल में तो और भी मेम्बर आते है ? आखिर त्यागी जी ने क्यों याद नहीं रखा इनका नाम ?

क्यों कहा कहने वाले ने कि नादिया पार में गर्ग साहब को लेकर मीटिंग हो रही थी बहुत ही खास ? आयोजन पूरे परवान पर था ? ना जाने क्यों हो गई मैडम नगपाल नाराज ? सुना है अपनी अनदेखी के चलते मैडम ने बीच में ही छोड़ दिया पूरा प्रोग्राम ? कहने वाले ने कहा, क्या बिगड़ जाता यहाँ के भगवा कमिश्नर का जो ले लेते वो मंच से मैडम का नाम ? आखिर भगवा गढ़ की राजनीति में मैडम नागपाल का भी लिया जाता है मजबूती से नाम ?

क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गढ़ की मैडम के संगठन के सिरमौर को लेकर काफी शीतल हो गये है अन्दाज ? सुना है वो एक मीटिंग में भगवा कमांडर के पक्ष में कर रही थी बात ? दे रही थी वो अपने लोगों में संदेश ? सबको करा रही थी अहसास, विधानसभा के उपचुनाव में फाइनल हो सकता है भगवा कमांडर का फेस ? कर दिया मैडम मेम्बर ने मीटिंग में एलान ? कहा पूरी ताकत से कमांडर भैया को हमारा है अब चुना लड़ाने का प्रोग्राम ?

क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारे भगवा पंडित दीदी तक आप पहुँच दो पैगाम ? सुना है वो अपने कार्य को पूरी कर्मठता से करती है ? जिससे हो जाते है काम से भागने वाले चेहरे परेशान ? मगर कभी कभी गेंहू के साथ घुन का भी हो जाता है काम तमाम ? बात बहुत बारीक है, बस मैडम पंडित को देना होगा इस और ध्यान ? यह पर हम कर रहे है कल वाले ला वाले भैया की बात ? उनके परिवार में किसी की तबियत है काफी खराब ? इसलिए वो नहीं दे पा रहे ज्यादा पार्टी की गतिविधि पर ध्यान ? हम चाहते है मैडम इस मैटर में थोड़ा सिम्पथी से ले काम ?

क्यों कहा कहने वाले ने कि गागर में सागर भरने वाले मिस्टर नागर ने नए अर्थला दिखा दिया अपनी ताकत का जलजला? गर्ग साहब को बता दिया कि इस मीटिंग में मैंने आपके लिए मेहनत की है खास? इसलिए अपने दिल में मेरा स्थान रखना खास? खुलकर तो नहीं बोल रहे हैं मिस्टर नागर? मगर सुना है उनके दिल में भी है अब शहर विधानसभा से चुनाव लड़ने के ख्वाब? लगाकर बैठे हैं वो उंगलियों पर हिसाब? यादव बिरादरी से ज्यादा गुर्जर बिरादरी वालों का है यहां पर जनसैलाब?

क्यों कहा कहने वाले ने कि अभी गर्ग साहब के चुनाव में दो बड़े वाले जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ एक पूर्व वेस्टर्न वाले पदाधिकारी ने भी बनाई हुई है दूरी? अब या तो यह बहुत जरूरी काम में हैं? या दूरियों का अहसास कराना है अभी बहुत जरूरी? सुना है इनका चेहरा अभी भी नहीं नजर आया है गर्ग साहब के साथ? चाहकर भी इनका दिल शायद मान नहीं रहा है इनकी बात? आज नहीं तो कल इन्हें आना ही होगा गर्ग साहब के साथ नजर? ये लोकसभा का चुनाव है? इस पर है पीएम वालों की नजर खास?

क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें अंदर से मिली है जानकारी कि नहीं बनेगा कोई लोकसभा वाला सह प्रभारी? कर दिया गया है साइलेंट? यहां पर शर्मा एंड कंपनी के साथ जोड़ा जाएगा एक मजबूत जाट चेहरे का नाम? हम ऐसे ही कह नहीं रहे हैं यह बात? गर्ग साहब के खेमे से भेजा गया है संगठन वालों के पास यह नाम? उनकी सीनियरिटी के सामने हल्का है सह संयोजक वाला पद? भगवा गढ़ में बहुत ऊंचा बताया जाता है जाट चेहरे का कद?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

इंदिरापुरम मंडल में भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में कार्यक्रम का आयोजन

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। इंदिरापुरम मंडल की बैठक का आयोजन रॉयल एंबिएंस बैंक्विट हॉल में किया गया। मंडल बैठक में भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग का भव्य स्वागत हुआ। सभी कार्यकताओं से स्नेम भेंट की ओर मंडल बैठक में सैकड़ो की तादाद में इंदिरापुरम मंडल के कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने पार्टी की लोकसभा की तैयारी पर चर्चा करी, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने उत्तर प्रदेश सरकार एवं मोदी सरकार की उपलब्धियां पर चर्चा करी और भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने मोदी के सुशासन और मोदी की गारंटी को दोहराया अंत में मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी ने सभी आए हुए, कार्यकर्ता भाई और बहनों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में महानगर महामंत्री पप्पु पहलवान, साहिबाबाद संयोजक राजेश्वर प्रसाद, साहिबाबाद विस्तारक अजीत पटेल, मंडल प्रभारी कामेश्वर त्यागी, पार्षदगण अनिल तोमर, धीरज अग्रवाल, संजय सिंह, अभिनव जैन, प्रीती जैन, हरीश कडाकोटी, सागर रावत मीना भंडारी, सुनीता नागपाल, बिमला रावत, मंजुला गुप्ता, अजय गुप्ता, देवाशीष दत्ता, अमित शर्मा, अजय शर्मा, धीरज शर्मा, सुशील सिन्हा, जयश्री सिन्हा, प्रिया राठौर, प्रीति ध्यान, कविता शर्मा, आंचल कंबोज, बबीता दीक्षित, पूनम बंसल, राजेंद्र पाठक, अजय शुक्ला, उमाशंकर तोमर, संजीव शर्मा, दिनेश भदोरिया, वीरेंद्र भदोरिया, आर एन राय, गोपाल शर्मा, बिंदा चावडे, राजपाल कुंडू, सुनील शर्मा मास्टर, कविता पालीवाल, सुनीता ध्यानी सोहनवीर सिंह, किशोर ठाकुर, पिंटू तोमर, सुषमा गंगवार आदि मौजूद रहे।

साहिबाबाद में भाजपा लो. प्रत्याशी अतुल गर्ग के लिए जोर-शोर से चुनाव प्रचार

साहिबाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के चुनाव प्रचार की पूरी कमान संगठन के अनुसार मंडल वार लोकसभा क्षेत्र के सभी 31 मंडलों में बारी-बारी धुआंधार चल रही है। जिसकी पूर्ण देख रेख चुनाव संचालन समिति के माध्यम से अजय शर्मा और भाजपा संगठन के तहत महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा और जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान के मार्ग दर्शन में की जा रही है।

मंडलों में अयोजित कार्यक्रमों में भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के पहुंचने पर कार्यकताओं में गजब का जोश दिखाई दे रहा है। ऐसा ही कुछ नजरा लाजपत नगर, इंदिरापुरम वसुंधरा शालीमार गार्डन और भोपुरा मंडल के कार्यक्रम में दिखाई पड़ा।

एक बैठक लाजपत नगर मंडल के वार्ड 70 के संजीवनी पब्लिक स्कूल जनकपुरी में हुई। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, साहिबाबाद विधानसभा चुनाव संयोजक राजेश्वर प्रसाद, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, वरिष्ट नेता बीएल गौतम मंडल अध्यक्ष विजेंद्र भड़ाना स्थानीय पार्षद रामनिवास बंसल ने सभी अतिथियों का फूलमालाओं से स्वागत किया।

मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारीगण, विनोद मिश्रा, भगवंत एससी मोर्चा, धर्म बंसल, रोबिन भड़ाना युवा मोर्चा, प्रखर गुप्ता, रोहतास नेगी, किरणपाल मावी, राहुल और अनुपमा रघुवंशी आदि उपस्थित रहे।

वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति लायन्स नेत्र चिकित्सालय के सभागार में मनाया होली मिलन समारोह

गाजियाबाद, करंट क्राइम। आज वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति लायन्स नेत्र चिकित्सालय के सभागार में होली मिलन समारोह बड़े उत्साह व जोश से मनाया। समारोह की अध्यक्षता डा. जेएल रैना ने की। सदस्यों ने एक दूसरे को चंदन लगाकर होली की शुभकामनाएं व बधाई दीं। समारोह का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ समिति के महासचिव आर के गुप्ता ने समिति की विभिन्न गतिविधियों से सदन को अवगत कराया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ संगीत व नृत्य सेंटर की छात्राओ वंदित अदिति, इपिशता, पृशा, अंजलि द्वारा गणेश वन्दना से हुआ। इस अवसर पर समिति की सदस्या रंजना भार्गव, सरिता गुप्ता, पुष्पा शर्मा, वीना गुप्ता, अनिता प्रभाकर व धुव्रतारा ने मिलकर गाए होली के पारम्परिक गीतों से सभी उपस्थिति लोगों को मंत्रमुग्ध कर खूब वाही वाही लूटी। शहर के जाने माने गायक अजित सिंह अतिथि कलाकार तृप्ति सोनकर व समिति के सदस्य अनिल चौधरी, मधु गर्ग, हरिपाल सिंह, एम के मित्तल, बी जी शर्मा, प्रवीन अरोड़ा, डी के शर्मा, आदि ने पुराने फि ल्मी गीतों, गजलो होली गीतों हास्य परिहास फुलझडियो तथा कविताओ के माध्यम से सदन का खूब मनोरंजन किया व सदन को संगीतमय बना दिया। कार्यक्रम में बाल कलाकारों के संगीत व नृत्य को दर्शको ने खूब सराहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संयोजन व संचालन रंजनाभार्गव व मंच आलंकरण वी पी रस्तोगी ने किया। इस अवसर पर काफी संख्या में सदस्य, उनके स्पाउस व मेहमान उपस्थिति रहें आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से एलडी शर्मा, वीके भार्गव, रमेश अरोरा, वी पी सिंह, मिथलेश बंसल, रेखा रस्तोगी, एम बी भारद्वाज, ए के गुप्ता आदि का विशेष सहयोग रहा। तत्पश्चात डाक्टर वी कुमार ने बडे सुन्दर व सौहार्दपूर्ण वातावरण मे समिति के चुनाव कराये डाक्टर जे एल रैना को अध्यक्ष आर के गुप्ता को महासचिव व रमेश अरोड़ा को कोषाध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया। सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को बधाई दी। राष्ट्रगान के बाद सदस्यों ने सविता शर्मा, प्रतिभा गौमत व सत्यबाला अग्रवाल के स्वर्गवासी होने पर 2 मिनट का मौन रख कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करी। अंत मे डा रैना द्वारा प्रायोजित स्वादिष्ट चटपटी चाट के पश्चात कार्यक्रम समाप्त हुआ।

महिम गुप्ता के नेतृत्व में शहर मंडल की बैठक सम्पन्न हुई, अतुल गर्ग को जिताने का लिया संकल्प

गाजियाबाद, करंट क्राइम। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के निर्देशानुसार मंडल अध्यक्ष महिम गुप्ता एड० के नेतृत्व में लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग शहर मंडल की स्वागत व कार्यकर्ता परिचय बैठक संपन्न हुई। बैठक में लोकसभा चुनावों में 8 लाख वोटों से अतुल गर्ग जी को जिताने का प्रण लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अतुल गर्ग व संजीव शर्मा ने कार्यकताओं को एक माह घर छोड़ जी तोड़ मेहनत करने का आह्वान किया और अबकी बार 400 पार का संकल्प दिलाया। वहीं शहर मंडल के सभी कार्यकताओं ने लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग को शहर मंडल से बड़ी संख्या में वोट डलवाने का विश्वास दिलाया। बैठक में अतुल गर्ग जी के द्वारा शहर मंडल की लाभार्थी महिलाओं का भी अभिनंदन किया गया। बैठक में महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, विधानसभा प्रभारी राकेश शर्मा, सुनील यादव, मण्डल प्रभारी मोनिका पंडिता, पार्षद शीतल चौधरी, पार्षद जय किशन पाल, पार्षद राजीव शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्षगण राजेश शर्मा, राकेश शर्मा, संजीव जांगीद, राकेश त्यागी, नवनीत गुप्ता पूर्व मण्डल अध्यक्ष व वर्तमान महानगर उपाध्यक्ष संजय कांत, राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता चौधरी अरुण भूल्लन, मंच संचालन एससी मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री प्रदीप चौहान, तरुण शर्मा, कामेश्वर त्यागी, ओपी अग्रवाल, अशोक भारतीय, राजू पांचाल, मण्डल महामंत्री गजराज सिंह, कलुआ कश्यप, अनिल जिंदल, रोहित चौहान, संदीप सिंहल, भूषण यादव, सुशील जांगीद, लवली कौर, सुमन सक्सेना, वंदना पांडेय, सिमी त्यागी, सुमन सिंह, जमालुद्दीन अलवी, डा नदीम, सुलेमान, शाहिद कुरैशी, शौकत कुरैशी, जावेद सैफ, पवन गोयल, यश गोयल, शरद शर्मा, अजय बिट्टाबनती वाल्मीकि, सुधीर शर्मा, टी के दुबे, बृजेश, जग्गी सिंह, मोहित ठाकुर, आशीष सिंह, राजेश्वरी देवी, सुनीत शर्मा, देवेंद्र सोराज, प्रदीप सेंगर व बहुत बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक, वार्ड अध्यक्ष, मण्डल में निवास करने वाले सभी क्षेत्रीय व प्रदेश पदाधिकारी, पूर्व पार्षद व सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रक्तदान दाता स्वयं स्वस्थ रहते हुए जरूरतमंद रोगी को उत्तम स्वास्थ्य का देते वरदान

गाजियाबाद, करंट क्राइम। आज जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापार मंडल बालकिशन गुप्ता रेलवे बोर्ड सदस्य के नेतृत्व में राष्ट्रीय व्यापार मंडल गाजियाबाद के उपाध्यक्ष राजेश वर्मा के निवास पर व्यापारी नववर्ष की पूर्व संध्या पर देश हित में प्रातः 10:00 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ बालकिशन गुप्ता के द्वारा किया गया इस अवसर पर संदीप त्यागी रसम ने राष्ट्रीय व्यापार मंडल से प्रेरणा लेकर ज्यादा से ज्यादा रक्तदान शिविर का आयोजन करने का आह्वान किया तथा रक्तदान करने वाले तथा रक्त को प्राप्त करने वाले दोनों को उपयोगी बताते राष्ट्रीय व्यापार मंडल के अनोखे प्रयास मानव जीवन रक्षार्थ रक्तदान शिविर के कार्यक्रम आयोजित करने की सराहना की तथा रक्तदान करने वाले के इस महत्वपूर्ण दान देने वाले के जीवन में रक्त पतला होने के साथ ही अनेकों अनेकों बीमारी से बचने तथा रक्त ग्रहण करने वाले का अपना जीवन बचाने सहित कम से कम 3 व्यक्तियों का जीवन बचाने में उपयोग होता है।

बालकिशन गुप्ता ने सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद करते हुए युवा वर्ग को ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने का आह्वान किया।

शिविर में लगभग डेढ़ सौ लोगों का परीक्षण किया गया और 76 लोगों ने रक्तदान किया। राष्ट्रीय व्यापार मंडल के महानगर उपाध्यक्ष राजेश वर्मा ने 34 वीं बार व संदीप त्यागी रसम ने 32वीं बार रक्तदान प्रमोद गुप्ता ने 30 वीं बार रक्तदान नितिन वैद्य ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर रक्तदान किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता पंडित अशोक भारतीय राजेश वर्मा पार्षद नीरज गोयल संदीप त्यागी रसम पंकज भारद्वाज भारत भाटी प्रवीण बत्रा सौरभ यादव विनोद त्यागी संजीव तेवतिया प्रमोद गुप्ता अमित वर्मा रोहित यादव आशु पंडित उमेश नितिन वैद अमित कुमार वर्मा आकाश जैन सार्थक तनिष्क रामप्यारे यादव प्रमोद गुप्ता पूजा गुप्ता रश्मि वर्मा शालू ठाकुर आदि उपस्थित थे।

चिन्टू जी

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पार्षद हिमांशु लव अक्सर फेसबुक पोस्ट से सामाजिक संदेश देते हैं। उनके वाहन चालक सुभाष नागर की पुत्री आंचल नागर ने 11वी कक्षा की परीक्षा में पूरे स्कूल में टॉप किया तो बेटी की इस सफलता को हिमांशु लव ने बेटी को आशीर्वाद दिया और इस सफलता को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।